

19:08:2023
web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया
राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 226 epaper.rashtriyakhabar.com श्रावण, शुक्लपक्ष तृतीया, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

अतृणे पतितो वह्निः स्वयमेवोपशाम्यति।
अक्षमावान्परं दोषैरात्मनं चैव योजयेत्॥

**भावार्थ :** तृणहीन भूमि पर गिरनेवाली अग्नि स्वयं बुझ जाती है, उसी प्रकार क्षमाशील के पास आया दुष्ट कुछ ही क्षणों में शांत हो जाता है। परंतु जो क्षमावान नहीं है उसका स्वदोषों से युक्त हो जाता है।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 29.00 °c | 24.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18 .18 बजे
सूर्योदय (कल) » 05 .26 बजे

## मलेशिया में विमान दुर्घटना में 10 की मौत

**मलेशिया:** मलेशिया में एक राजमार्ग पर निजी जेट विमान एक कार और मोटरसाइकिल से टकरा गया, जिसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। मलेशिया पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। विमान में सवार सभी आठ लोगों की मौत हो गई, साथ ही जमीन पर दो मोटर चालकों की भी मौत हो गई। घटनास्थल के वीडियो क्लिप से यह पता चला कि जेट कार से टकराते ही उसमें आग लग गई। यह लैंगकावी के रिज़ॉर्ट द्वीप से राजधानी कुआलालंपुर के पश्चिम में सेलांगोर तक यात्रा कर रहा था। अधिकारियों ने कहा कि बीचक्राफ्ट मॉडल 390 विमान का गुरुवार को दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले हवाई यातायात नियंत्रण टॉवर से संपर्क टूट गया था। हुसैन उमर खान ने कहा, कोई आपातकालीन कॉल नहीं थी, विमान को उतरने की मंजूरी दे दी गई थी।

## ठगी करने वाला आरटीआई कार्यकर्ता गिरफ्तार

**भुवनेश्वर:** ओडिशा अपराध शाखा के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने स्वयंभू आरटीआई कार्यकर्ता को गिरफ्तार कर ठगी, धोखाधड़ी, गलत पहचान रखने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एसटीएफ सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार किये समूह के सदस्य किशोर कुमार मिश्रा के पास से ओडिशा सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का फर्जी पहचानपत्र और कई अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि किशोर स्वयं को आरटीआई कार्यकर्ता बताकर लोगों के साथ धोखाधड़ी कर उगाही करता था। वह लोगों को बताता था कि उसकी वरिष्ठ अधिकारियों से नजदीकी है और वह उन्हें क्रशर लाइसेंस, शराब लाइसेंस, तबदला/नियुक्ति करा सकता है।

## पत्थलगांव में जंगली हाथियों ने मचाया भारी उत्पात

**पत्थलगांव:** छत्तीसगढ़ के जशपुर वन मंडल में आज पत्थलगांव वन परिक्षेत्र के चार गांव में हाथियों के दो अलग-अलग दल ने किसानों की लगभग 20 एकड़ धान, मक्का की फसल को रौंद कर बर्बाद कर डाला है, दिन के वक्त अचानक रिहायशी इलाके में जंगली हाथियों के आ जाने से लोगों में घंटों तक दहशत बनी रही। जंगली हाथियों ने रिहायशी इलाकों में पहुंच कर पां लोगों के घरों को भी क्षतिग्रस्त कर काफी नुकसान पहुंचाया है। जंगल में हाथियों की मौजूदगी के मद्देनजर वन विभाग ने सरईटोला और चिकनीपानी गांव के लोगों को जंगल से दूर रहने का ऐलर्ट जारी किया है। वन मंडल अधिकारी जितेंद्र उपाध्याय ने आज बताया कि हाथियों के हमले से जनहानि के मामलों को रोकने के लिए दर्जन भर जंगलों में ग्रामीणों की आवाजाही पर सख्ती से रोक लगा दी है। पत्थलगांव, फरसाबहार, तपकरा और बगीचा क्षेत्र में जंगलों के रास्तों पर वन विभाग ने बेरियर लगा कर वहां वन कर्मचारी और वन मित्रों को तैनात किया गया है।

## स्पेन की आग 7,900 एकड़ से अधिक में फैली

**मैड्रिड:** स्पेन के सबसे बड़े कैनरी आइसलैंड टेनेरिफ के जंगल में लगी आग 7907 एकड़ क्षेत्र में फैल चुकी है। कैनरी द्वीप समूह की सरकार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुरुवार की रात 20:00 बजे तक आग 7907 एकड़ क्षेत्र को अपने घेरे में ले चुकी थी। इनमें अराफो, कैंडेलारिया, एल रोसारियो, ला ओरोटावा, सांता उर्सुला, ला विक्टोरिया डी एसेंटेज़ो और एल सौज़ल नगर पालिका क्षेत्र शामिल हैं। कैनरी द्वीप समूह के राष्ट्रपति फर्नांडो क्लैविजो ने कहा है कि टेनेरिफ़ के जंगल की आग नियंत्रण से बाहर है और 1.8 हेक्टेयर से अधिक तक फैल गयी है। लगभग 270 अग्निशामक आग पर काबू पाने के प्रयास में लगे हैं। स्थानीय अधिकारियों ने द्वीप पर कई गांवों को खाली कराने की शुरुआत की है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**बयान** जिम्मेदारी पाते ही भाजपा का टेंशन बढ़ा दिया अजय राय ने

# राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे: राय

- फ्लाइंग किस मामले में फंसी है ईरानी
- प्रियंका के पति भी चुनाव लड़ने के पक्ष में
- स्मृति को उनका चुनावी वादा याद दिलाया

**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** उत्तर प्रदेश में पार्टी प्रमुख बनाए जाने के एक दिन बाद शुक्रवार को यूपी के नए कांग्रेस प्रमुख अजय राय ने दावा किया कि राहुल गांधी निश्चित रूप से अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। प्रियंका गांधी के 2024 के चुनाव लड़ने की अटकलों पर अजय राय ने कहा कि प्रियंका गांधी जहां से चाहेंगी, वहां से चुनाव लड़ेंगी। यह बयान देकर उन्होंने भाजपा के लिए निश्चित तौर पर तनाव बढ़ा दिया है क्योंकि उत्तरप्रदेश से भाजपा को लोकसभा चुनाव में पिछली बार जबर्दस्त सफलता मिली थी। वैसे भी यह समझा जा रहा था कि फ्लाईंग किस के मामले में बयान देकर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अपने लिए परेशानी मोल ली है। इस एक बयान की वजह से उनकी लोकप्रियता का ग्राफ तेजी से नीचे गया है। इसके अलावा अमेठी में एक पत्रकार के सवाल पर उनका आपा खोना और बाद में पत्रकार को नौकरी से हटाना जाना भी लोगों को पसंद नहीं आया है।

अजय राय से पहले प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने प्रियंका के चुनावी राजनीति में उतरने की संभावना के संकेत दिये थे। उन्हें (प्रियंका को) निश्चित रूप से लोकसभा में होना चाहिए। उनके पास इसके लिए सभी योग्यताएं हैं। वह संसद में बहुत अच्छी होंगी और वह वहां रहने की हकदार हैं। मुझे उम्मीद है कि कांग्रेस पार्टी उन्हें स्वीकार करेगी और उनके लिए बेहतर योजना बनाएगी। 2019 में राहुल गांधी ने अमेठी और वायनाड दोनों जगहों से चुनाव लड़ा। जबकि अमेठी उनकी विरासत की सीट थी, वायनाड दक्षिण में उनकी पहली प्रविष्टि थी।

अमेठी में राहुल गांधी को हराने के बाद स्मृति ईरानी एक दिग्गज नेता के रूप में उभरीं। राहुल गांधी वायनाड से लोकसभा के

» पेज 2 भी देखें



### जनता को जवाब देना चाहिए कि वह चीनी कहां गई

यूपी प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाये जाने के बाद अजय राय ने कहा, प्रियंका गांधी अगर वह पीएम मोदी के खिलाफ वाराणसी से चुनाव लड़ना चाहती हैं तो हर कार्यकर्ता उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए काम करेगा। स्मृति ईरानी पर अजय राय ने कहा, उनसे पूछें कि क्या वह अपने वादे के मुताबिक 13 रुपये प्रति किलो पर चीनी उपलब्ध करा सकती हैं। उन्हें जनता को जवाब देना चाहिए कि वह चीनी कहां गई। नए यूपी कांग्रेस प्रमुख समाचार एजेंसी से बात करते हुए यह बातें कहीं। अजय राय ने यह बात तब कही जब उनसे पूछा गया कि क्या राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। 2019 में जब अटकलें लगाई जा रही थीं कि प्रियंका गांधी वाराणसी से पीएम मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ सकती हैं, तो आखिरी वक्त पर अजय राय को वाराणसी से मैदान में उतारा गया। 2014 में भी अजय राय ने वाराणसी से चुनाव लड़ा था और नरेंद्र मोदी से हार गये थे। लोकसभा चुनाव 2024 से कुछ महीने पहले बृजलाल खाबरी की जगह अजय राय को उत्तर प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया था।

इस मुकाम तक पहुंचने में उन्हें 15 साल लग गए

## आईआईटी दिल्ली ने दुनिया का सबसे हल्का बुलेटप्रूफ जैकेट बनाया

**राष्ट्रीय खबर**

**नई दिल्ली:** आईआईटी-दिल्ली के शोधकताओं ने दुनिया की सबसे हल्की बुलेटप्रूफ जैकेट विकसित की है, जो एके-सीरीज राइफल से चलाई गई आठ गोलियों को रोकने में सक्षम है।



ये जैकेट, जिनका वजन 8.2 किलोग्राम है, भारतीय सेना द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे जैकेटों की तुलना में 2 किलोग्राम से अधिक हल्के हैं। जैकेट के दूसरे संस्करण का वजन 9.5 किलोग्राम है और यह कुछ स्नाइपर राइफलों से दागी गई छह गोलियों को रोक सकता है। भारतीय सैनिक फिलहाल जो बुलेटप्रूफ जैकेट इस्तेमाल कर रहे हैं उनका वजन करीब 10.5 किलोग्राम है।

आईआईटी दिल्ली में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑन पर्सनल बॉडी आर्मर के प्रोफेसर नरेश भटनागर ने कहा कि जैकेट को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन के सहयोग से विकसित किया गया है और इस मुकाम तक पहुंचने में उन्हें 15 साल लग गए। 2008 में, सेना के एक मेजर ने हमसे हल्के बुलेटप्रूफ जैकेटों पर ध्यान केंद्रित करने का अनुरोध किया था। उस समय वे जिन जैकेटों का उपयोग करते थे, उनमें प्राथमिक सामग्री के रूप में लोहा होता था और उनका वजन 22-25 किलोग्राम होता था। मेजर, जिन्हें ड्यूटी के दौरान गोली मार दी गई थी , जैकेट के वजन को काफी कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि सैनिक अग्रिम मोर्चों पर प्रभावी ढंग से काम कर सकें, श्री भटनागर ने कहा।

प्रोफेसर ने कहा कि नए जैकेट पॉलिमर और सिरेमिक सामग्री से बने हैं। उन्होंने कहा कि जैकेटों पर शोध इतना विस्तृत था कि 25 एम.टेक और 12 पीएचडी छात्रों ने उनके विभिन्न पहलुओं पर अपना शोध किया था।

आईआईटी दिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ हेमंत चौहान ने कहा कि जैकेट पर परीक्षण आंतरिक रूप से किया गया था। उन्होंने कहा, हम परीक्षणों के लिए गैस गन का उपयोग करके बैलिस्टिक गोलियां दागते हैं। जैकेट को भारतीय मानक ब्यूरो की मंजूरी मिल गई है। आईआईटी के शोधकताओं ने कहा कि वे अगले महीने जर्मनी में नाटो सम्मेलन में जैकेट पेश करेंगे और उम्मीद जताई कि यह गियर जल्द ही भारतीय सैनिकों की जान बचाएगा।

सीताराम येचुरी ने कहा डबल इंजन सरकार को अभी तक समाधान नहीं मिला है

## मणिपुर में गोलीबारी में तीन कुकी नागरिकों की मौत

- भाजपा विधायक ने कहा उग्रवादियों से बात न करे सरकार
- कोकोमी ने कहा कि आप्रवासी उग्रवादियों के साथ बातचीत अवैध
- लिटान क्षेत्र में पुलिस की तलाशी में जंगल से मिले तीनों लोगों के शव

**भूपेन गोस्वामी**



**गुवाहाटी:** मणिपुर में एक बार फिर हिंसा भड़क उठी है। हिंसा प्रभावित मणिपुर में संघर्ष की ताजा घटना में उखरूल जिले के कुकी थोवाई गांव में शुक्रवार को भारी गोलीबारी के बाद तीन लोगों के सड़े-गले शव मिले। हिंसा के आज हुए विभत्स तांडव में तीन लोगों की जान चली गई है, तीन लापता बताये जा रहे है। उधर लिटान थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई, जहां सुबह-सुबह गोलियों की आवाज सुनी गई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आसपास के गांवों और जंगलों की गहन तलाशी ली और 24 से 35 साल की उम्र के तीन लोगों के शव बरामद किए।

पुलिस ने बताया कि पिछले कुछ दिनों की शांति के बाद हिंसाग्रस्त मणिपुर में शुक्रवार सुबह एक बार फिर हिंसा भड़क गई।बीएसएफ सहित सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरकर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बताई गई है।सूत्रों के मुताबिक, मैतेई उपद्रवियों ने सबसे पहले गांव के ड्यूटी पोस्ट पर हमला किया, जहां स्वयंसेवक गांव की सुरक्षा के लिए ड्यूटी कर रहे थे। इस गोलीबारी में कुकी स्वयंसेवकों के तीन लोगों के मारे जाने की खबर है। मारे गए लोगों की पहचान जामखोगिन हाओकिप (26), थांगखोकाई हाओकिप (35) और होलेनसोन बाइते (24) के रूप में हुई है।उल्लेखनीय है कि यह गांव मैतेई आबादी क्षेत्र से काफी दूर स्थित है। निकटतम मेइतेई निवास यिंगांगपोकपी में है जो घटना स्थल से 10 किलोमीटर से अधिक दूर है। बताया जा रहा है कि घटनास्थल से 37 बीएन बीएसएफ (महादेव) करीब पांच से छह किलोमीटर दूर है। घटना के बाद बीएसएफ सहित अन्य सुरक्षाबल मौके पर पहुंच गए हैं। सुरक्षाबलों ने पूरे क्षेत्र को घेरकर तलाशी

» पेज 2 भी देखें

## बेंगलुरु में 23 लाख की लागत से हजार वर्गफीट का घर

### देश के प्रथम थ्री डी प्रिंटेट भवन का उद्घाटन



**बेंगलुरु :** केंद्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को बेंगलुरु के कैम्ब्रिज लेआउट में स्थित भारत का पहला 3डी-प्रिंटेड डाकघर राष्ट्र को समर्पित किया। यह डाकघर, जिसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री ने जनरल पोस्ट ऑफिस भवन से किया था, अपनी समय सीमा से दो दिन पहले, केवल 43 दिनों में पूरा हो गया। इसका निर्माण सिविल इंजीनियरिंग विभाग के भवन प्रौद्योगिकी और निर्माण प्रबंधन प्रभाग के प्रोफेसर मनु संथानम के मार्गदर्शन में आईआईटी मद्रास के तकनीकी सहयोग से लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड द्वारा किया गया था। इस मौके पर मंत्री वैष्णव ने कहा, बेंगलुरु हमेशा भारत की एक नई तस्वीर पेश करता है। आज आपने इस 3डी-प्रिंटेड डाकघर भवन की जो नई तस्वीर देखी, वही आज के भारत की भावना है। यही वह भावना है जिसके साथ हमारा देश आज प्रगति कर रहा है। यह डाकघर 1,021 वर्ग फुट के निर्मित क्षेत्र को कवर करता है। इसका निर्माण 3डी कंक्रीट प्रिंटिंग तकनीक का उपयोग करके किया गया था जो एक पूरी तरह से स्वचालित भवन निर्माण तकनीक है जिसमें एक रोबोटिक प्रिंटर अनुमोदित डिजाइन के अनुसार कंक्रीट की परत दर परत जमा करता है, और विशेष ग्रेड कंक्रीट - जो जल्दी से कठोर हो जाता है - का उपयोग संरचना को मुद्रित करने के उद्देश्य से परतों के बीच संबंध सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है। एलएंडटी के संचालन प्रमुख (दक्षिण और पूर्व) जॉर्ज अब्राहम ने बताया, यह रोबोटिक हस्तक्षेप के कारण है जिसमें पूर्व-एम्बेडेड डिजाइन शामिल हैं, हम पूरी निर्माण गतिविधि को 43 दिनों की अवधि में पूरा करने में सक्षम थे, जबकि पारंपरिक विधि से लगभग 6-8 महीने लगते हैं।

## ईशनिंदा के आरोप के बाद पाकिस्तान में आठ चर्चों में आगजनी

**राष्ट्रीय खबर**

**इस्लामाबाद:** सरकारी अधिकारियों और निवासियों के अनुसार, बुधवार को पाकिस्तान के सबसे अधिक आबादी वाले प्रांत पंजाब में इस्लाम के खिलाफ ईशनिंदा के आरोपों के बाद भीड़ ने आठ चर्चों और कई घरों में तोड़फोड़ की, जिससे स्थानीय मुस्लिम और अल्पसंख्यक ईसाई समुदायों के बीच तनाव फैल गया। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बुधवार को एक अपडेट में स्थिति को दुखद और शर्मनाक बताते हुए कहा कि जलाए गए चर्चों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। एक पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, जारनवाला शहर में स्थानीय पुलिस द्वारा दो ईसाई पुरुषों पर पवित्र कुरान का अपमान करने और पैगंबर मोहम्मद को गाली देने के आधार पर आरोप लगाया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि लोगों पर पाकिस्तान के ईशनिंदा कानूनों के तहत मामला दर्ज किया गया था। पाकिस्तानी ईसाई समुदायों को नियमित रूप से देश के सख्त ईशनिंदा कानूनों से निशाना बनाया जाता है,



जिसके बारे में कार्यकताओं का कहना है कि ऐतिहासिक रूप से अल्पसंख्यकों पर अत्याचार करने और उन्हें सार्वजनिक जीवन से अलग करने के लिए इसमें हेरफेर किया गया है।

यासिर तालिब, जो सामाजिक न्याय केंद्र के लिए काम करते हैं और जो घटना के समय शहर में थे, ने कहा कि भीड़ ने इस्लाम के खिलाफ निंदात्मक टिप्पणी करने के आरोपी एक ईसाई व्यक्ति के घर में तोड़फोड़ की और आग लगा दी।

तालिब ने बताया कि शहर के कैथोलिक चर्च, साल्वेशन आर्मी चर्च और पेंटेकोस्टल चर्च के साथ-साथ स्थानीय ईसाई कॉलोनी सहित कई चर्चों में भी तोड़फोड़ की गई और आग लगा दी गई। बुधवार को एक बयान में, फैसलाबाद, जहां शहर स्थित है, के सहायक आयुक्त ने स्थिति को संवेदनशील और कमजोर बताते हुए कानून और व्यवस्था लागू करने में सहायता के लिए सशस्त्र बलों की तैनाती का आह्वान किया।

पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधान मंत्री अनवर-उल-हक काकर ने हिंसा की निंदा करते हुए एक्स, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, पर एक बयान में लिखा, कानून का उल्लंघन करने वालों और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पाकिस्तान चर्च के अध्यक्ष बिशप आजाद मार्शल ने कहा कि देश के बिशप, पुजारी और आम लोग इस घटना से बहुत दुखी और व्यथित हैं। मार्शल ने एक्स (ट्विटर) पर कानून प्रवर्तन

» पेज 2 भी देखें


**अनुसंधान** क्वांटम डॉट्स विधि में हुई तरक्की के बाद नये प्रयोग जारी

# स्मार्ट टीवी व अन्य उपकरण और स्मार्ट बनेंगे

- इससे तस्वीरें और जीवंत नजर आयेंगी
- यह तकनीक प्रकाश और रंग दोनो में ठीक
- अन्य आभाषीय उपकरणों में भी प्रयोग होगा

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** पहले के जमाने के ब्लैक एंड ह्वाईट टीवी से अब हम फ्लैट या कर्भड टीवी तक आ पहुंचे हैं। इसी क्रम में इलेक्ट्रॉनिक वैज्ञानिकों ने इसे और उन्नत बनाने की दिशा में अपना काम निरंतर जारी रखा है। इसी क्रम में यह बताया गया है कि क्वांटम डॉट्स को शामिल करने वाले फ्लैट स्क्रीन टीवी अब व्यावसायिक रूप से उपलब्ध हैं, लेकिन वाणिज्यिक उपकरणों के लिए उनके लंबे करीबी क्वांटम रॉड्स की सारणी बनाना अधिक कठिन हो गया है। आभासी वास्तविकता उपकरणों के लिए 3डी छवियां उत्पन्न



» पेज 2 भी देखें

### डीएनए ओरिगेमी संरचनाओं से जोड़ने का एक तरीका तैयार किया

शोधकताओं ने दिखाया कि वे स्केलेबल जैविक निर्माण का उपयोग करके सटीक स्थिति में क्वांटम डॉट्स को मचान करने के लिए डीएनए का उपयोग कर सकते हैं। उस काम को आगे बढ़ाते हुए, उन्होंने क्वांटम छड़ों को 2डी सरणियों में व्यवस्थित करने की चुनौती से निपटने के लिए मैकफर्लेन की प्रयोगशाला के साथ मिलकर काम किया, जो अधिक कठिन है क्योंकि छड़ों को एक ही दिशा में संरेखित करने की आवश्यकता होती है। मौजूदा दृष्टिकोण जो छड़ों को एक दिशा में घुमाने के लिए कपड़े या विद्युत क्षेत्र के साथ यांत्रिक रगड़ का उपयोग करके क्वांटम छड़ों की संरेखित सारणी बनाते हैं, उन्हें केवल सीमित सफलता मिली है। ऐसा इसलिए है क्योंकि उच्च दक्षता वाले प्रकाश-उत्सर्जन के लिए छड़ों को एक-दूसरे से कम से कम 10 नैनोमीटर दूर रखने की आवश्यकता होती है, ताकि वे अपने पड़ोसियों की प्रकाश-उत्सर्जक गतिविधि को बुझाएं या दबा न दें। इसे प्राप्त करने के लिए, शोधकताओं ने क्वांटम छड़ों को हीरे के आकार की डीएनए ओरिगेमी संरचनाओं से जोड़ने का एक तरीका तैयार किया, जिसे उस दूरी को बनाए रखने के लिए सही आकार में बनाया जा सकता है। फिर ये डीएनए संरचनाएं एक सतह से जुड़ी होती हैं, जहां वे पहेली के टुकड़ों की तरह एक साथ फिट हो जाती हैं। कहा गया है कि क्वांटम छड़े ओरिगेमी पर एक ही दिशा में बैठती हैं, इसलिए अब आपने इन सभी क्वांटम छड़ों को 2डी सतहों पर स्व-संयोजन के माध्यम से पैटर्न दिया है, और आप इसे माइक्रोएलईडी जैसे विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए आवश्यक माइक्रोन पैमाने पर कर सकते हैं।

ट्रंप समर्थकों ने अब घटिया हथकंडा अपनाना प्रारंभ कर दिया

## फुल्टन काउंडी के ग्रैंड जूरी सदस्यों पर कुप्रचार

**राष्ट्रीय खबर**

**वाशिंगटन:** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर मामले की गाड़ी आगे बढ़ते ही कुछ अति दक्षिणपंथी वेबसाइटों में फुल्टन काउंटी ग्रैंड जूरी के सदस्यों के घर के पते आदि सार्वजनिक किये गये हैं। इन लोगों ने इस सप्ताह पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और 18 सह-प्रतिवादियों को दोषी ठहराने के लिए मतदान किया था। विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ गुमनाम उपयोगकर्ता उनके खिलाफ हिंसा का आह्वान कर रहे हैं। यह सत्यापित नहीं हुआ है कि पोस्ट की जा रही तस्वीरें, सोशल मीडिया अकाउंट और घरों के पते वास्तव में ग्रैंड जूरी सदस्यों के हैं। हालाँकि, इन साइटों पर प्रसारित किए जा रहे नाम फुल्टन काउंटी के पैनल में



» पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### बैजनाथ महतो ने ठोंक रखी है ताल

रांची: डुमरी उपचुनाव की प्रक्रिया के दौरान एनडीए को तगड़ा झटका लगा है। यह झटका आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव बैजनाथ महतो ऊर्फ छोटू ने दिया है। बैजनाथ इस सीट पर खड़े हो गए हैं। उन्होंने इस सीट के लिए नाम नामांकन पर्चा दाखिल किया है। यह पर्चा सूर्यसिंह बेसरा की पार्टी झारखण्ड खतियानी पार्टी की टिकट पर दाखिल किया है।पर्चा दाखिल करने के दूसरे दिन ईटीवी भारत से बात करते हुए बैजनाथ ने कहा कि क्षेत्र की समस्या के समाधान के लिए हम जमीनी स्तर के कार्यकर्ता को दूसरे पर निर्भर रहना ठीक नहीं है। यहां शिकारी आते हैं, जाल बिछाते हैं और बड़े बड़े ख्वाब दिखाते हैं। ऐसे शिकारी के जाल से इस क्षेत्र की जनता को बचाने के लिए भी वे मैदान में उतरे हैं। कहा कि वे 28 साल से राजनीति में हैं और डुमरी के कल्याण को लेकर कई आंदोलन किए। आंदोलन का लाभ भी लोगों को मिला।आजसू के केंद्रीय सचिव के पद पर रहे बैजनाथ महतो का कहना है कि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने उनके लिए बहुत कुछ किया है।

मुख्यमंत्री ने राज्य के सहायक पुलिस कर्मियों को 2 वर्ष का अवधि विस्तार देने की घोषणा की

# हेमन्त सोरेन दस हजार बीस अभ्यर्थियों को सौंपा ऑफर लेटर

- सवा तीन करोड़ आबादी की सेवा करने के लिए सरकार संकल्पित
- लड़कर राज्य लिए हैं, लड़कर हक: अधिकार भी लेंगे
- कम समय में तमाम चुनौतियों के बीच राज्य को दे रहे हैं नई दिशा



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** राज्य के सहायक पुलिस कर्मियों को दो वर्ष का अवधि विस्तार मिलेगा मंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज चाईबासा में आयोजित प्रमंडलीय रोजगार मेले में ऑफर लेटर वितरण समारोह को संबोधित करने के क्रम में यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहायक पुलिस कर्मियों के भविष्य को लेकर सरकार चिंतित है और इस दिशा में जल्द ठोस निर्णय लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की सवा तीन करोड़ की आबादी की सेवा करने का सरकार ने संकल्प ले रखा है।

इस दिशा में काफी कम समय में हमने कई ऐसे निर्णय लिए हैं, जो राज्य को आगे बढ़ा रहे हैं। जन कल्याण से जुड़ी योजनाएं अब धरातल पर उतर रही है और उसका असर भी दिख रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य में चारों ओर से रोजगार के दरवाजे खुल चुके हैं। इस कड़ी में पढ़े लिखे एवं कम पढ़े- लिखे तथा निरक्षर लोगों के लिए रोजगार की कई योजनाएं चल रही हैं। वहीं, जो स्वरोजगार के इच्छुक हैं, उन्हें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत आर्थिक मदद कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सिर्फ युवाओं को रोजगार नहीं दे रहे हैं बल्कि उन्हें प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज करने के लिए सरकारी मदद भी कर रहे हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत युवाओं को अपने प्रखंड में ही कौशल विकास का निःशुल्क प्रशिक्षण देने के लिए बिरसा केंद्र खोला गया है।

विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए सरकार शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रही है। अत्यंत संवेदनशील आदिवासी समुदाय के युवक-युवतियों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग कार्यक्रम शुरू किया गया है। ऐसी कई और भी योजनाएं हैं जो आपके भविष्य को बनाने के लिए सरकार ने शुरू की है।मुख्यमंत्री ने कहा कि एक और सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है तो निजी क्षेत्र में भी यहां के आदिवासियों -मूल वासियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने नियम बनाए हैं।

उन्होंने कहा कि अब राज्य में कार्यरत निजी संस्थानों और कंपनियों में 40 हजार रुपए प्रति माह तक की नौकरियों में यहां के आदिवासियों -मूल वासियों को 75 प्रतिशत रोजगार देना अनिवार्य होगा। यह कानून बनने के बाद आज पहली बार कोल्हान की धरती से एक साथ 10,020 (दस हजार बीस) युवाओं को ऑफर लेटर मिलना राज्य के लिए मील का पत्थर है। मुझे यह जानकर भी बहुत खुशी हुई कि इसमें लगभग 9500 आदिवासी- मूलवासी हैं और इनमें 80 प्रतिशत आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग के युवा हैं। यह सिलसिला आगे भी चलेगा और बड़े पैमाने पर यहां के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराएंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि आप मजबूत होंगे तो आपके घर-परिवार में सुख समृद्धि आएगी। जब आपका परिवार खुशहाल होगा तो राज्य भी सशक्त और मजबूत बनेगा। इसी सोच के साथ सरकार आपको अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए आपके साथ खड़ी है। इस दिशा में संसाधनों का बेहतर प्रयोग करने के लिए कार्य नीति बनाई गई है।

हमारा संकल्प है राज्य की जनता को बेहतर जीवन के लिए बेहतर व्यवस्था दे सकें।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने लंबा संघर्ष कर झारखंड अलग राज्य लिया है। अब लड़कर अपना हक-अधिकार भी लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं भी आपके बीच से ही आया हूं, इसलिए आपकी समस्याओं से भलीभांति वाकिफ हूं। ऐसे में आपकी उम्मीदों के अनुरूप योजनाओं को बनाकर उसे धरातल पर उतार रहे हैं।

## राजद की बैठक के बीच प्रधान महासचिव संजय यादव ने की इस्तीफे की पेशकश

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:**गुरुवार को रांची प्रदेश कार्यालय में झारखंड राजद की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री और प्रदेश राजद प्रभारी जयप्रकाश यादव ने की। इस बैठक में राष्ट्रीय जनता दल, युवा राष्ट्रीय जनता दल और राजद महिला प्रकोष्ठ के जिला से लेकर प्रदेश तक के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान एक समय पूरे हॉल में सन्नाटा छा गया। जब बहुत ही भावुक अंदाज में प्रदेश राजद के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने अपने इस्तीफे की पेशकश कर दी।इसके बाद प्रदेश प्रभारी से वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने आग्रह किया कि झारखंड राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं की भावनाओं से वह लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव को अवगत कराएं। इसके बाद काफी मान मनव्वल के बाद संजय प्रसाद यादव ने पद पर बनें रहने का आग्रह स्वीकार लिया। प्रदेश प्रभारी ने भी कहा कि राज्य के नेताओं की भावना को वह लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव तक पहुंचाने का काम करेंगे। लेकिन अंतिम फैसला लालू प्रसाद को लेना है।झारखंड राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव लंबे दिनों से राष्ट्रीय जनता दल से जुड़े हुए हैं।

कांग्रेस नेता केएन त्रिपाठी की चुनाव चुनौती याचिका खारिज

# बीजेपी विधायक आलोक चौरसिया को हाईकोर्ट से बड़ी राहत



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** भाजपा विधायक आलोक चौरसिया को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने कांग्रेस के पूर्व विधायक केएन त्रिपाठी की चुनाव चुनौती याचिका को खारिज कर दिया है। केएन त्रिपाठी का आरोप था कि डाल्टनगंज से भाजपा विधायक आलोक चौरसिया ने 25 साल की उम्र पूरी किए बगैर चुनाव लड़ा था। इसी को लेकर उन्होंने निर्वाचन को चुनौती दी थी। इस मामले में न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने 80 पेज का फैसला सुनाया है।केएन त्रिपाठी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता सलमान खुर्शीद ने दलील पेश की थी। वहीं पिछली सुनवाई में विधायक आलोक चौरसिया की ओर से वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह ने कोर्ट को बताया था कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) एक्ट की धारा 28 के अनुसार जैक कोई कार्रवाई या आदेश पारित करता है, तो उसे न्यायालय में चैलेंज नहीं किया जा सकता है। आलोक चौरसिया की ओर से यह भी कहा गया कि जब जैक ने उनकी जन्मतिथि में संशोधन कर दिया है तो उसे किसी अदालत में चैलेंज नहीं किया जा सकता है। फिर इलेक्शन पिटिशन में कैसे इसे चुनौती दी जा सकती है।आलोक चौरसिया की ओर से बताया गया कि गलती से फॉर्म भरते समय जन्म तिथि वर्ष 1995 भर दिया गया था। बाद में उन्हें महसूस हुआ कि गलत तिथि भर दी गई है। हालांकि उस वक्त इस गलती को ठीक नहीं करा सके थे। बाद में उन्होंने वर्ष 2012 में अपनी जन्म तिथि में सुधार की कवायद शुरू की थी। इसके बाद वर्ष 2014 में उनकी जन्मतिथि में झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने सुधार किया था।

भाजपा कार्यालय में बोल राष्ट्रीय मंत्री मिस्फीका हसन

# भाजपा कार्यकर्ताओं को फंसाने का हो रहा काम

**राज्य की जनता 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में देगी जवाब**



**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़:** बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री मिस्फीका हसन की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अवैध तरीके से जमीन और संपत्ति अर्जित करके के आरोपों के बाद उनके खिलाफ मुख्यमंत्री द्वारा पीई दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। हालांकि इसके बाद बीजेपी नेत्री ने इसे बदले की कार्रवाई बताया है। उन्होंने कहा कि क्योंकि सीएम हेमंत सोरेन पर ईडी कार्रवाई कर रही है, इसलिए बीजेपी नेताओं को फंसाने का काम किया जा रहा है। शुक्रवार को पाकुड़ जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में की राष्ट्रीय मंत्री मिस्फीका हसन ने पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया। यहां उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताया. मिस्फीका हसन ने मुख्यमंत्री के आदेश को बदले की भावना करार दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी नाकामियों को छिपाने और ईडी की कार्रवाई से बचने के लिए इस तरह के आदेश जारी कर रहे हैं। मिस्फीका ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अगर इतने ही साफ सुथरे छवि के हैं तो ईडी के सवालों का सामना करना चाहिए न कि चेहरा छिपाते रहना चाहिए मिस्फीका ने कहा कि राज्य में बेरोजगारी, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, बढ़ रहे भ्रष्टाचार के मुद्दे को भटकाने के लिए ऐसे जांच के आदेश दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरे नाम पर कोई जमीन नहीं है। अगर जमीन रहती तो इसका ऑनलाइन सिस्टम है। इसकी जांच जिलास्तर पर आसानी से हो सकती थी, लेकिन बीजेपी कार्यकताओं को परेशान करने के नीयत से एसीबी को जांच का आदेश दिया हैं। बीजेपी की राष्ट्रीय मंत्री मिस्फीका ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता एसीबी से डरने वाले नहीं हैं।

## बाबा नगरी में जन्मदिन मनाना सौभाग्य की बात : अम्बा

**राष्ट्रीय खबर**

**देवघर:** झारखंड के बड़कागांव की विधायिका अंबा प्रसाद अपने पिता योगेंद्र साव के साथ पूजा करने देवघर पहुंची जहां पहले उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना की इसके बाद देवघर परिसदन में पिता के जन्मदिन पर केक काटकर खुशियां मनाई। मौके पर योगेंद्र साहू ने कहा कि डुमरी विधानसभा चुनाव में जेएमएम की जीत पक्की है। दिवंगत नेता ने जनता के बीच काम किया है, उनके नाम पर ही जीत पक्की है। मुझे अपनी बेटी अंबा प्रसाद पर गर्व है, क्योंकि काफी कम समय में जनता के बीच रहकर जनता के दिल में अपनी जगह बनाई है। कामना है कि एक दिन राष्ट्रीय स्तर पर



अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। वही बड़कागांव के विधायक अंबा प्रसाद में कहा कि मंदिर में व्यवस्थाएं काफी दुरुस्त है सरकार ने काफी अच्छी व्यवस्था की है, मेरा सौभाग्य है कि सावन के महीने में पिता का जन्मदिन बाबा नगरी में मनाया गया और मंदिर में भोलेनाथ के दर्शन किए। अंबा प्रसाद ने कहा कि गिरिडीह के डुमरी विधानसभा चुनाव में झामुमो की जीत पक्की है, पूरा गठबंधन जीत सुनिश्चित करने के लिए लगा हुआ है।

**संकल्प यात्रा** राज्य के सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार ,परिवारवाद और तुष्टिकरण के खिलाफ जनजागरण ही संकल्प यात्रा का उद्देश्य

# मुख्यमंत्री में नैतिकता बची है तो पद से इस्तीफा दें:बाबूलाल मरांडी

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के दूसरे दिन आज साहेबगंज में प्रेसवार्ता को संबोधित किया।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले के प्राचीर से भ्रष्टाचार और परिवारवाद को समाप्त करने का आह्वान किया है।कहा कि झारखंड में तो राज्य संपोषित भ्रष्टाचार है। मुख्यमंत्री स्वयं राज्य की खनिज संपदा ,जमीन को लूटने में शामिल हैं। सोरेन परिवार ने आदिवासियों की जमीन नाम बदलकर लूटी है।कहा कि राज्य के मुखिया ने पदाधिकारियों को लूटने में लगा दिया है। ऑफिसर



थाना ,ब्लॉक ,अंचल में गरीबों से काम केलिए पैसे मांगते हैं। पैसों को ऊपर तक पहुंचाने की बात करते है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार अवैध खनन को बढ़ावा दे रही है क्योंकि इसके उगाही के पैसे मुख्यमंत्री के खाते में जाता है जबकि वैध खनन का पैसा सरकार के खजाने में जायेगा।उन्होंने कहा कि परिवारवाद सामाजिक न्याय के खिलाफ है। सोरेन परिवार की राजनीति पैसे केलिए और कमाने केलिए है राज्य की सेवा केलिए नही इसलिए सोरेन परिवार को डायनेस्टी को राज्य से उखाड़ फेंकने केलिए जनता को संकल्पित होना होगा।उन्होंने राज्य में व्याप्त तुष्टिकरण को उजागर करते हुए कहा कि राज्य सरकार विधानसभा में नमाज कक्ष खोलती है ,सामान्य विद्यालयों को उर्दू विद्यालय में बदल देने ,प्रार्थना की पद्धति बदल देने पर कारवाई नहीं करती है।उन्होंने कहा कि इस प्रकार की मनोवृति रखने वालों से राज्य का बड़ा नुकसान हो रहा है। उन्होंने राज्य में ठप्प विकास कार्य पर कहा कि मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा भेजे गए गरीबों केलिए अनाज की लूट हो रही। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल जल की स्थिति राज्य में दयनीय है क्योंकि राज्य सरकार को विकास से कुछ भी लेना देना नही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आदिवासी का रोना रोते हैं लेकिन राज्य को लूटने का पाप करने केलिए किसी को कानून में छूट नही। हेमंत सोरेन को पाप केलिए जेल जाना ही पड़ेगा। उन्हे सत्ता में बने रहने का कोई औचित्य नहीं है।अगर उनमें थोड़ी भी नैतिकता बची है तो वे अपने पद से इस्तीफा दें।

## पेज एक का शेष

### राहुल गांधी अमेठी से चुनाव .. ..

लिए चुने गए। 2019 मोदी उपनाम मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद अपनी लोकसभा सदस्यता खोने के बाद वह 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ पाएंगे या नहीं, यह संदिग्ध था। सुप्रीम कोर्ट द्वारा राहुल गांधी की सजा पर अंतरिम रोक लगाने के कारण उनकी सदस्यता बहाल कर दी गई। वैसे यह उल्लेख भी प्रासंगिक है कि राहुल गांधी से उनका बंगला खाली कराने के तुरंत बाद अजय राय ने ही अपना घर राहुल गांधी को देने का एलान किया था। जिसके बाद अनेक लोगों ने अपने घर के बाहर राहुल गांधी का घर का बोर्ड तक लगा दिया था।

### मणिपुर में गोलीबारी में तीन .. ..

अभियान शुरू कर दिया है।मणिपुर में बहुसंख्यक मैतई समुदाय जनजातीय आरक्षण देने की मांग कर रहा है। इसकी वजह ये है कि मैतई समुदाय की आबादी करीब 53 प्रतिशत है लेकिन ये लोग राज्य के सिर्फ 10 प्रतिशत मैदानी इलाके में रहते हैं। वहीं कुकी और नगा समुदाय राज्य के पहाड़ी इलाकों में रहते हैं जो की राज्य का करीब 90 फीसदी है। जमीन सुधार कानून के तहत मैतई समुदाय के लोग पहाड़ों पर जमीन नहीं खरीद सकते, जबकि कुकी और नगा समुदाय पर ऐसी कोई पाबंदी नहीं है।

इस बीच, मणिपुर के भाजपा विधायक आरके इमो सिंह ने केंद्र सरकार से उन एसओओ विद्रोही समूहों के साथ कोई बातचीत नहीं करने का आग्रह किया है, जिन्होंने पिछले कुछ महीनों में कथित तौर पर जमीनी नियमों का उल्लंघन किया है। आरके इमो सिंह ने कहा, हमें केंद्र और एसओओ विद्रोही समूहों के बीच बातचीत के बारे में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से कुछ जानकारी मिली है और मैं केंद्र सरकार से अपील करता हूं कि इन समूहों के साथ किसी भी प्रकार की बातचीत में शामिल न हों क्योंकि उन्होंने जमीनी नियमों का उल्लंघन किया है।

इसके अलावा, विधायक ने जोर देकर कहा कि एसओओ समूहों के साथ कोई भी बातचीत जिन्होंने जमीनी नियमों का उल्लंघन किया है और जो पिछले कुछ महीनों में कथित तौर पर हिंसा का हिस्सा रहे हैं।हालांकि, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी को आज 18 से 20 अगस्त तक मणिपुर के दौरे पर चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करना है। यह दौरा क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे संघर्ष की पृष्ठभूमि में हो रहा है, जो तीन महीने से अधिक समय से जारी है, जिससे लोगों की जान चली गई है और बड़े पैमाने पर लोग विस्थापित हुए हैं।

स्थिति की गंभीरता को संबोधित करते हुए, येचुरी ने कहा, ह्लमणिपुर में संघर्ष तीन महीने से अधिक समय से जारी है और इसने लोगों के जीवन और विस्थापन पर बहुत बड़ा असर डाला है। उन्होंने आगे चल रही उथल-पुथल और लोगों के जीवन पर इसके प्रभाव पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अब तक डबल इंजन की यह सरकार किसी समाधान या दिशा पर नहीं पहुंच पाई है कि इस मुद्दे को कैसे हल किया जाए।मणिपुर इंटेग्रिटी पर समन्वय समिति (सीओसीओएमआई) ने आज 18 अगस्त, 2023 को आप्रवासी चिन कुकी नार्को आतंकवादियों के छाता संगठन के साथ बातचीत में शामिल होने के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए गए हालिया कदमों की कड़ी आलोचना की है, जिसे केएनओ और यूपीएफ के नाम से जाना जाता है। भारत सरकार और कुकी सोओ (अभियानों का निलंबन) उग्रवादियों के बीच चल रही बातचीत, जिसका नेतृत्व मुख्य रूप से म्यांमार के नागरिकों के रूप में पहचाने जाने वाले व्यक्तियों ने किया है, को कोकोमी से निंदा मिली है। संगठन इस बातचीत को अवैध मानता है और केंद्र सरकार से ऐसे व्यक्तियों के साथ बातचीत में शामिल होने से बचने का आग्रह करता है।

### ईशनिंदा के आरोप के बाद .. ..

और कानूनी प्रणाली द्वारा न्याय और कार्रवाई की मांग करते हुए कहा, बाइबिल को अपवित्र किया गया है और ईसाइयों को झूठे आरोप लगाकर प्रताड़ित और परेशान किया गया है। पाकिस्तान में यूरोपीय संघ के राजदूत रीना कियोन्का ने कहा कि रिपोर्टें परेशान करने वाली है। तीन साल पहले, पंजाब की पांच बच्चों की मां को ईशनिंदा का दोषी ठहराया गया था और फांसी की सजा सुनाई गई थी, उस पर पैगंबर मोहम्मद के नाम को अपवित्र करने का आरोप लगाया गया था। दोषसिद्धि और मौत की सजा के खिलाफ अपील जीतने के बाद, आसिया बीबी को 2018 में मौत की सजा से मुक्त कर दिया गया था।

### स्मार्ट टीवी व अन्य उपकरण .. ..

करने के लिए क्वांटम छड़े प्रकाश के ध्रुवीकरण और रंग दोनों को नियंत्रित कर सकती हैं। मुड़े हुए डीएनए से बने मंचों का उपयोग करते हुए, एमआईटी इंजीनियर क्वांटम छड़ों के सरणियों को सटीक रूप से इकट्ठा करने का एक नया तरीका लेकर आए हैं। इससे आभासी दृश्य में गहराई और आयाम जोड़ना आसान हो जाता है। क्वांटम छड़ों के साथ चुनौतियों में से एक यह है कि आप उन सभी को नैनोस्केल पर कैसे संरेखित करते हैं ताकि वे सभी एक ही दिशा में इंगित कर सकें? एमआईटी में जैविक इंजीनियरिंग के प्रोफेसर और नए अध्ययन के वरिष्ठ लेखक मार्क बाथे कहते हैं। जब वे सभी 2डी सतह पर एक ही दिशा में इंगित कर रहे होते हैं, तो उन सभी में समान गुण होते हैं कि वे प्रकाश के साथ कैसे संवाद करते हैं और इसके ध्रुवीकरण को नियंत्रित करते हैं। पिछले 15 वर्षों में, बाथे और अन्य ने डीएनए से बने नैनोस्केल संरचनाओं के डिजाइन और निर्माण में नेतृत्व किया है, जिसे डीएनए ओरिगेमी भी कहा जाता है। डीएनए, एक अत्यधिक स्थिर और प्रोग्राम करने योग्य अणु, छोटी संरचनाओं के लिए एक आदर्श निर्माण सामग्री है जिसका उपयोग विभिन्न प्रकार के अनुप्रयोगों के लिए किया जा सकता है, जिसमें दवाएं वितरित करना, बायोसेंसर के रूप में कार्य करना, या प्रकाश-संचयन सामग्री के लिए मचान बनाना शामिल है।

इस दृष्टिकोण को कार्यान्वित करने के पहले कदम के रूप में, शोधकताओं को डीएनए स्ट्रैंड को क्वांटम छड़ों से जोड़ने का एक तरीका खोजना पड़ा। ऐसा करने के लिए, चेन ने एक प्रक्रिया विकसित की जिसमें क्वांटम छड़ों के साथ मिश्रण में डीएनए को इमल्सीफाई करना, फिर मिश्रण को तेजी से निर्जलित करना शामिल है, जो डीएनए अणुओं को छड़ की सतह पर एक घनी परत बनाने की अनुमति देता है। इस प्रक्रिया में केवल कुछ मिनट लगते हैं। ये डीएनए स्ट्रैंड फिर वेल्क्रो की तरह काम करते हैं, जिससे क्वांटम छड़ों को डीएनए ओरिगेमी टेम्पलेट से चिपकने में मदद मिलती है, जो एक पतली फिल्म बनाती है जो सिलिकेट सतह को कवर करती है। इन क्वांटम रॉड सरणियों के आकार, आकार और स्थान को नियंत्रित करने की क्षमता सभी प्रकार के विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक्स अनुप्रयोगों के लिए प्रवेश द्वार है। डीएनए विनिर्माण सामग्री के रूप में विशेष रूप से आकर्षक है क्योंकि इसे जैविक रूप से उत्पादित किया जा सकता है, जो उभरती अमेरिकी जैव अर्थव्यवस्था के अनुरूप स्केलेबल और टिकाऊ दोनों है। पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित क्वांटम छड़ों पर काम को वाणिज्यिक उपकरणों के उत्पादन पर अगला ध्यान है।

### फुल्टन काउंडी के ग्रैंड .. ..

कार्यरत 26 ग्रैंड जूरी सदस्यों में से कम से कम 13 के नामों से मेल खाते प्रतीत होते हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि ये नाम वास्तविक ग्रैंड जूरी सदस्य हैं या केवल समान नाम वाले लोग हैं। कुछ पते गलत प्रतीत होते हैं।

जब फुल्टन काउंटी में किसी को दोषी ठहराया जाता है, तो अभियोग में उन सभी ग्रैंड जूरी सदस्यों के नाम शामिल होते हैं, जो आरोप सौंपने वाले 26-सदस्यीय पैनल में शामिल थे। अदालत की वेबसाइट पर पते या कोई अन्य व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी शामिल नहीं है। उपयोगकर्ता अलग-अलग लोगों के कई सोशल मीडिया प्रोफाइल पोस्ट कर रहे हैं जिनका नाम कुछ ग्रैंड जूरी सदस्यों के समान है। एडवांस डेमोक्रेसी के अध्यक्ष डैनियल जे. जोन्स ने कहा कि ग्रैंड जूरर का नाम साझा करने वाले लोगों के सोशल मीडिया प्रोफाइल और घर के पते पोस्ट करने से उनके उत्पीड़न और अन्य प्रकार के नुकसान का खतरा बढ़ जाता है।

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर झारखंड
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### पेट्रोल पंप के मैनेजर की सड़क दुर्घटना में मौत

**पाकुड :** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पाकुड-कोटालपोखर मुख्य सड़क पर सेजा गांव के समीप मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मोटरसाइकिल चालक कोटालपोखर अपने घर से रामचन्द्रपुर एचपी पेट्रोल पंप जा रहा था। वह पेट्रोल पंप का मैनेजर था। प्राप्त जानकारी के अनुसार नसीम अख्तर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र कुशमाडांगा गांव का रहने वाला था, जो वर्तमान में निजी घर बनाकर कोटालपोखर बाजार में रहता था।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### पूर्वी पंचायत की मुखिया ने बच्चों के बीच बांटे फुटबॉल और जर्सी

**बेरमो :** शुक्रवार को बेरमो पूर्वी पंचायत की मुखिया श्रीमती दुर्गावती देवी के द्वारा अपने निजी मद से बेरमो बस्ती के बच्चों के बीच फुटबॉल एवं जर्सी का वितरण किया गया। मौके पर अमित कुमार, पंकज कुमार, सुदामा कुमार, रमेश कुमार, संदीप कुमार, निरंजन कुमार, सुभाष कुमार, अंकित कुमार, राहुल कुमार, दिनेश पांडे ,नरेंद्र कुमार, रविशंकर तिवारी ,गुड्डू सहित कई मौजूद थे।

### कस्तूरबा विद्या निकेतन स्कूल में 1 बच्चा 1 पौधा अभियान का आयोजन

**बेरमो :** कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन स्कूल में राष्ट्रीय नीति 2020 की तीसरी वर्षगांठ बनाते हुए 1 बच्चा 1 पौधा अभियान का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी देना और साथ में हम वातावरण को कैसे मुक्त रख सकते हैं। उसके बारे में बताया। इसमें बच्चे पौधे के लिए खाद भी लाए और कहा जिंदगी के लिए जरूर एक पौधा लगाएंगे। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए विद्यालय परिसर के अतिरिक्त घर पर भी पौधे लगाने के लिए जागरूक किया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सहारा के निवेशक पोर्टल में आवेदन करें: राजकुमार

**बेरमो /फुसरो :** सहारा इंडिया करगली फ्रेंचाइजी के मैनेजर राजकुमार ने मुख्यालय अधिकारियों द्वारा जारी पत्र के हवाले से बताया कि देश के गृह मंत्री सह सहकारिता मंत्री अमित साह द्वारा किए गए घोषणा के अनुसार निश्चित रूप से सहारा के सभी निवेशकों को धीरे-धीरे उनका पूरा पैसा वापस होगा। कहा कि कुछ लोग यह अफवाह फैला रहे हैं कि सिर्फ 10 हजार रुपए ही वापस होगा। जो पूरी तरह से गलत है।कहा कि लोग अफवाहों से बचें और पोर्टल में आवेदन दर्ज करें। कहा कि सीआरसीएस की मंशा प्रारंभिक चरण में छोटे निवेशकों को भुगतान करने की है। कहा कि पोर्टल लॉचिंग के दौरान यह अवगत कराया गया था कि शुरू में रुपए 10,000/- फिर रुपए, 30,000/- तक का भुगतान किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर सुप्रीम कोर्ट से और धनराशि की मांग कर अन्य सभी को भुगतान करने के लिए केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा घोषणा भी की गई है। इसको लेकर यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि मात्र 10 हजार का ही भुगतान होगा। कहा कि विगत लगभग एक के दशक से सहारा-सेबी केस माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णयानुसार पूरे सहारा ग्रुप पर लगे इंबागों के कारण संस्था अपने सम्मानित निवेशकताओं को समय से भुगतान नहीं कर पा रही थी। इसी मध्य कई बार संस्था ने उच्चतम न्यायालय में सहारा-सेबी एकाउन्ट में जमा धनराशि से भुगतान हेतु धनराशि निर्गत करने हेतु आवेदन और अपील भी दायर की गई। जिस पर कतिपय कारणों से उस पर सुनवाई नहीं हो पायी। परन्तु केन्द्रीय सहकारिता मंत्री महोदय की पहल पर अब सेंट्रल रजिस्ट्रार ऑफ को-ऑपरेटिव सोसायटीज (सीआरसीएस) के द्वारा उच्चतम न्यायालय से अनुमति उपरांत प्रथम चरण में रुपए 5,000 करोड़ की राशि सहारा-सेबी रिफंड एकाउन्ट से प्राप्त कर सोसायटीज के निवेशकों को भुगतान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

---

**कमेटी गठित** झारखंड प्रदेश शौण्डिक संघ का चैनपुर ग्राम कमेटी गठित

# सर्वसमिति से त्रिभुवन प्रसाद अध्यक्ष व आदित्य प्रसाद सचिव बने



**राष्ट्रीय खबर**

**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** झारखंड प्रदेश शौण्डिक संघ जगेश्वर-पलानी परगना द्वारा चैनपुर ग्राम कमेटी गठन को लेकर कॉलेज मैदान बरबन्दा ( चैनपुर) में बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में गणेश साहू व भीम प्रसाद साहू मौजूद रहे। बैठक के दौरान सर्वसमिति से अध्यक्ष पद के लिए त्रिभुवन प्रसाद, उपाध्यक्ष अशोक प्रसाद व प्रेम प्रसाद, सचिव आदित्य प्रसाद, सहसचिव राजेश प्रसाद व ज्ञानी साव, कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद, कार्यकारिणी सदस्य में कुंदन प्रसाद, दिनेश प्रसाद, लूतवरण साव, रामचंद्र प्रसाद, अशोक प्रसाद साहू, रूपचन्द्र प्रसाद, जयप्रकाश मंडल, उज्जवल प्रसाद, अरविंद प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, संजय प्रसाद, विरल प्रसाद, ईश्वर प्रसाद, जानकी प्रसाद, संरक्षक प्रभु प्रसाद का मनोनयन किया गया।

मौके पर मनोनीत सदस्यों को केंद्रीय कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा फूल माला पहनाकर बधाई देते हुए स्वागत किया। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष अनिल प्रसाद, केंद्रीय महासचिव कुलदीप प्रसाद, केंद्रीय कोषाध्यक्ष शंकर प्रसाद, प्रो खिरोधर प्रसाद साहू, हरिशंकर प्रसाद, खोखेंद्र प्रसाद साहू, दिगंबर प्रसाद साहू, उमेश प्रसाद, संजय प्रसाद, रामाशंकर साहू, लखन प्रसाद, राजेश प्रसाद सहित संघ के लोग मौजूद रहे।

## सावधानी और उपचार है आई फ्लू का सही निदान: डॉक्टर संजय



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो:** सीसीएल रीजनल अस्पताल करगली के सीएमओ सह नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि आई फ्लू का निदान सावधानी और समय पर उपचार है। उन्होंने कहा की यदि आंख में लालिमा छा जाए या हल्का लाली आने लगे तो प्रभावितों को ठंडा पानी से हल्का छींटा देकर आंख साफ करना चाहिए। यदि पास पड़ोस में किसी को आई फ्लू हो गया हो तो उससे दूरी बनाकर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई के साथ-साथ समय पर चिकित्सक से भी सलाह लेनी चाहिए और उनकी सलाह से ही आंख में ड्रॉप डालना चाहिए। आई फ्लू से घबराने की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि समय पर इलाज होने से 4 से 5 दिन में आई फ्लू ठीक हो जाता है। यदि लापरवाही बढ़ती गई तो आगे परेशानी हो सकती है।

माइंस दुर्घटना का शिकार श्रमिक न्याय से वंचित

## शोषित पीड़ित को न्याय दिलाने तक संघर्ष जारी रहेगा : आर सी एम यू



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो :** सीसीएल कथारा क्षेत्र के अंतर्गत दुर्घटना के समय जारंगडीह कोलियरी में कार्यरत श्रमिक शिवलाल टू डू माइंस से दुर्घटना का शिकार हुआ था। यह दुर्घटना वर्ष 2014 में हुई थी। श्रमिक का इलाज वर्ष 2016 तक चला परिणाम स्वरूप दुर्घटना के कारण दाहिने पैर का कानी उंगली काटा गया। इलाज रथ अवधि का कंपनी द्वारा आयो डी दिया गया लेकिन वर्क मैन कंपनसेशन एक्ट के तहत क्षतिपूर्ति योजना के तहत पैसे का भुगतान नहीं किया गया। पीड़ित श्रमिक के द्वारा लंबे समय से प्रबंधन को अपने अधिकार और हक के तहत मिलने वाला राशि का भुगतान के लिए प्रयासरत है। प्रबंधन की टालमटोल रवैया के कारण श्रमिक में गहरा आक्रोश है।

वर्तमान में श्रमिक कथारा कोलियरी के अंतर्गत बेस वर्कशॉप में कार्यरत है। इस संदर्भ में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूरी यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने वर्तमान में कार्यरत परियोजना के परियोजना पदाधिकारी तथा क्षेत्र के महाप्रबंधक को पत्र प्रेषित कर न्याय दिलाने की मांग की है। समय सीमा के अंतर्गत पीड़ित श्रमिक को न्याय नहीं मिल पाया तो श्रमिक ने आमरण करने की चेतावनी दी है। उसके आंदोलन को संगठन का समर्थन प्राप्त होगा औद्योगिक का शांति के जवाब दे ही क्षेत्रीय व स्थानीय प्रबंधन की होगी।

### स्वाधीनता दिवस पर बच्चों ने ऐसा बांधा समा कि लोग झुमतें रहे



**बेरमो /गोमिया :** गोमिया प्रखंड अंतर्गत हजारी मोड़ के समीप स्थित मॉडर्न एकेडमिक पब्लिक स्कूल में आजादी का 77वा वर्ष गांठ धूम धाम व हरसोउल्लास के साथ मनाया गया ।इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों झूमने पर मजबूर कर दिया ।विद्यालय में प्रधानाध्यापक रंजीत राम ने झंडोतोलन किया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि हजारी पंचायत की मुखिया तारामणि देवी,विशिष्ट अतिथि गोमिया थाना प्रभारी राजेश रंजन, एस ।आई ।अनुज प्रसाद के द्वारा पुरस्कृत किया गया ।उक्त कार्यक्रम में पसुपति प्रसाद , विजयानंद प्रसाद, किरण कुमार, बिनोद राम, शिक्षक और शिक्षिकाएं - ममता देवी, प्रिया ठाकुर, सूरज कुमार रविदास सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

### झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के नए भवन का विधायक ने किया उद्घाटन

**गिद्दी :** झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय डाड़ी के नए भवन का उद्घाटन मांडू विधासभा क्षेत्र के विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल द्वारा फीता काटकर तथा विधिवत रूप से पूजा के बाद नारियल फोड़कर किया गया ।इस दौरान विधायक जे ।पी ।पटेल ने कहा कि इस क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने का काम की शुरूआत और पूरा करने का सपना स्व। टेकलाल महतो द्वारा देखा गया था ।उसे हर हाल में पूरा करने का काम जयप्रकाश पटेल करेगा ।साथ ही विद्यालय में पानी,बिजली आदि जैसी मुलभुत समस्याओं को पूरा करने का विधायक ने भरोसा दिलाया ।उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र का विकास के लिए कभी भी कोई आवश्यकता हो बेधड़क विधायक जेपीपटेल को याद करिएगा वह इसके लिए हमेशा तैयार मिलेगा ।विद्यालय की वार्डन सीमा होरो और ज्योति ने कहा कि डाड़ी के बीआरसी भवन में 08नवंबर 15को झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय स्थापित किया गया था ।आज आठ वर्षों के उपरान्त अपने नए भवन में प्रवेश करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है ।इस मौके पर 20 प्रखंड सूत्री अध्यक्ष सह डाड़ी पंचायत के मुखिया लखनलाल महतो ।जिला शिक्षा प्रसार पदाधिकारी उपेंद्र नारायण,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नागेश्वर सिंह ।अभियंता लखेंद्र महतो ।जिला पार्षद डाड़ी प्रखंड भाग 02 की पिंकू देवी,प्रखंड प्रमुख दीपा देवी, बसंती देवी, रीमा कुमारी, किरण देवी, सुरेश महतो, प्रीतलाल महतो, गुलचंद महतो, अनिल राय,गोपाल राम, मंगलदेव महतो, मनोज महतो, भोला महतो,प्रमोद महतो आदि लोग उपस्थित थे।

### फुसरो: बडकीटॉड में मेरी माटी मेरा देश अभियान मनाया

**बेरमो /फुसरो :** भाजपा किसान मोर्चा फुसरो नगर कमेटी के द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान कार्यक्रम आयोजन किया गया. इस दौरान उपस्थित लोगों ने राष्ट्र की सेवा करने और इसके पर्यावरण की रक्षा करने की कसम खाई। यहाँ बडकीटॉड बस्ती में वृक्षारोपण अभियान भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा फुसरो नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 30 जुलाई को अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के संस्करण के दौरान 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान की घोषणा की थी। इसका मकसद देश के लिए अपनी जान गंवाने वाले बहादुर जवानों का सम्मान करना है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि अभियान के तहत, हमारे अमर शहीदों की याद में पूरे भारत में गतिविधियां आयोजित की जाएंगी ।कहा कि पीएम मोदी ने मेरी माटी मेरा देश अभियान के बारे में कहा है कि, इन प्रयासों से हमें अपने कर्तव्यों का एहसास होगा। हमें देश की आजादी के लिए किए गए असंख्य बलिदानों का एहसास होगा, हमें स्वतंत्रता के मूल्य का एहसास होगा। इसलिए, हर देशवासी को इन प्रयासों में शामिल होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन बोकारो जिला कार्यसमिति सदस्य जितेंद्र सिंह व धन्यवाद ज्ञापन रमेश गिरी ने किया।

श्री श्याम रसोई सेवा फुसरो के अंतर्गत 10 रुपये में मिल रहा उत्तम खाना

## जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराना सबसे बड़ा मानव सेवा: जीएम अग्रवाल



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो:** शुक्रवार को फुसरो बाजार बैंक मोड़ स्थित न्यू स्टार क्लब मे श्री श्याम रसोई सेवा का उद्घाटन ढ़ोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक एमके अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर जीएम श्री अग्रवाल ने कहा कि यह काफी पुण्य का काम है। जरूरतमंदों को कम मूल्य पर भोजन उपलब्ध कराना सबसे बड़ा मानव सेवा है। उन्होंने कहा कि इस पुनीत कार्य में जब भी जरूरत पड़ेगी वह हर संभव मदद करेंगे। श्री श्याम रसोई सेवा मात्र 10 रुपए में प्रति थाली भोजन गरीबों को उपलब्ध करा रहा है। मारवाड़ी भैया बेरमो द्वारा संचालित श्री श्याम रसोई सेवा के संचालन में मारवाड़ी समाज ने बढ़ चढ़कर भाग लिया है और निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे हैं। इस अवसर पर समाजसेवी सह कोल व्यवसाई विजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम की काफी सराहना की तथा हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष श्याम सुंदर जैन के अलावे द्वारिका बंसल, पापा बाबू , देवीदास ,अनिल अग्रवाल, सुरेश बंसल ,ओम शंकर सिंह, सुमित बंसल ,सुरेंद्र गोयल, राजेश राठी, सुशांत राईका, दिलीप अग्रवाल, कृष्ण कुमार चांडक ,अमर कुमार चांडक, पिंटू सिंह, शंभू यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

अनुमंडलाधिकारी एवं सीसीएल प्रबंधन ने भूमि-रैयतों से की वार्ता

## रैयतों व विस्थापितों को उसके अधिकार से वंचित नहीं किया जायेगा: एम के राव



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो:** दो माह से बंद पड़ी सीसीएल बीएंडके क्षेत्र की कारो कोलियरी को चालू किये जाने सम्बंधी उत्पन्न हो रही अड़चनों को दूर करने के उद्देश्य से करगली आफिसर्स क्लब में गुरूवार को बेरमो एसडीएम व सीसीएल अधिकारियों ने कारो के रैयतों व ग्रामीणों के साथ बैठक किया। बैठक में रैयतों से उनकी समस्याओं के बारे में अलग से पूछताछ की गयी। अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार ने रैयतों से कहा कि कारो कोलियरी चालू करने के दौरान यहां उनके अधिकार व हितों को पुरी तरह से ध्यान दिया जाएगा। कोलियरी में भूमि देने वाले रैयत को उसका उचित अधिकार से वंचित नही हो इसका ख्याल प्रबंधन को करना ही होगा। उन्होंने कहा कि सीसीएल द्वारा अधिग्रहित भूमि का सत्यापन कर रैयतों को नियोजन, मुआवजा व पुनर्वास दी जाएगी। इसके पूर्व प्रबंधन भूमि की स्थिति स्पष्ट करें तथा भूमि सत्यापन का कार्य धरालत में उतारने को अग्रसर हो। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि शिफ्टिंग का काम आपस मे सामंजस्य बनाकर करें।

सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के महाप्रबंधक एम के राव ने कहा कि रैयतों व विस्थापितों को उसके अधिकार से वंचित नही किया जायेगा। कहा कि विस्थापितो को पुनर्वास स्थल पर बसाने के लिए सीसीएल के द्वारा 6.40 करोड रुपए खर्च कर रही है। जिसमें विस्थापितों को बिजली-पानी सामुदायिक भवन, सड़क, मंदिर, खेल मैदान, तलाब, सोलर लाइट, बाउंड्री वाल, विवाह मंडप आदि का निर्माण कराया जाएगा। कहा कि कोल इंडिया प्रबंधन के द्वारा विस्थापितों को स्थानांतरण के नाम पर विस्थापित परिवार के सदस्य को 6 लाख रुपए या 5 डिसमिल जमीन देने का प्रावधान है। जो जमीन लेना चाहते हैं उन्हें जमीन दी जाएगी। जो जमीन नहीं लेना चाहते हैं उसके एवज में 6 लाख रुपए मुआवजा दिया जाएगा। कहा कि देश में कोयला आपूर्ति कोल इंडिया करती है। उसकी इकाई होने के नाते सीसीएल की जवाब देही बढ़ जाती है।

ग्रामीणों ने कहा कारो बस्ती के लोग एक साथ एक स्थान पर बसना चाहते हैं। हम लोग घुटियाटांड़ के निकट स्लेरी पाइंट में पुनर्वासित होने को तैयार हैं। प्रबंधन इस दिशा में सकारात्मक पहल नहीं कर रहा है। मौके पर बेरमो प्रखंड बीडीओ सह सीओ मघू कुमारी, सीआई जमील अख्तर, सेल ऑफिसर मनोज सिंह, एसओ पीएडपी एस के झा, मैनेजर जीएन सिंह, सहित ग्रामीणों में जीबू विश्वकर्मा, मेघलाल महतो, परशुराम सिंह, अमर कुमार सिंह, सोहनलाल मांझी, तुलसी विश्वकर्मा, संजय भोक्ता ,मंटु गोस्वामी, अजय गंझू, संजय गंझू, कामनी देवी, सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

**समारोह** मुंबई महानगर में होगा 'हिंदी अकादमी', का 5वां मातृभूमि भूषण सम्मान समारोह

## गुंजन अग्रवाल मुंबई में साहित्य भूषण सम्मान से होंगे अलंकृत



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो :** आगामी 26 अगस्त 2023 को हिंदी अकादमी, मुंबई द्वारा पांचवें मातृभूमि भूषण सम्मान समारोह का आयोजन मुंबई महानगर में स्थित मुंबई प्रेस क्लब में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार आबिद सुरती, विशिष्ट अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध हिंदी फिल्म अभिनेता यशपाल शर्मा, विशिष्ट सम्मानित अतिथि के रूप में रयान इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशक डॉ. स्नेहल पिंटो तथा आमंत्रित अतिथि के रूप में दैनिक समाचार-पत्र प्रवासी संदेश के संपादक राजेश उपाध्याय उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम के संदर्भ में जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद पांडेय ने बताया कि इस समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से सुप्रसिद्ध साहित्यकार, समाजसेवी, शिक्षाविद, अभिनेता, अभिनेत्री तथा हिंदी सेवी शामिल होंगे। हाल ही में ब्रिटिश पार्लियामेंट में हिंदी अकादमी, मुंबई द्वारा साहित्यिक कार्यक्रम तथा सम्मान समारोह का सफल आयोजन किया गया। जिसमें देश-विदेश के कई साहित्यकारों, समाजसेवियों तथा हिंदी सेवियों को अंतरराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद पाण्डेय ने ब्रिटिश पार्लियामेंट में हिंदी में दिए गए अपने वक्तव्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी के हो रहे प्रचार-प्रसार पर प्रकाश डाला। बताते चलें कि गुंजन अग्रवाल जरीडीह बाजार स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के पुरातन छात्र रहे हैं।

पंचायत स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

## उद्घाटन मैच में रजरप्पा प्रोजेक्ट टीम विजय

**राष्ट्रीय खबर**

**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** बाल विकास संघर्ष समिति 32 (फाकोडीह) के तत्वाधान में तीन दिवसीय पंचायत स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो व टाटा स्टील वेस्ट बोकारो घाटोटांड चीफ राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय सदस्य सह जिला परिषद प्रतिनिधि (मांडू भाग - 02) हेमलाल महतो, जिला परिषद (मांडू भाग - 01) भोला तुरी, आदित्य सिंह (टीआरडीएस), पंकज कुमार (टाटा स्टील वेस्ट बोकारो घाटोटांड), वार्ड सदस्य 08 दिलीप साव, वार्ड सदस्य 09 प्रतिनिधी राम कुमार गंझू, उदय तुरी उपस्थित रहे। इस अवसर पर तिवारी महतो ने कहा कि खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना के साथ खेलना चाहिए और अनुशासित रहना चाहिए। उन्होंने आयोजकों बधाई देते हुए कहा कि खेलों के आयोजन से प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है। इसलिए ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र अभिव्यक्ति
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## संपादकीय

# ईडी निदेशक का समाप्त होता कार्यकाल

सुप्रीम कोर्ट ने व्यापक जनहित वाली सरकारी दलील के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक एसके मिश्रा का कार्यकाल 15 सितंबर तक बढ़ा दिया। 11 जुलाई के फैसले के अनुसार मिश्रा का कार्यकाल 31 जुलाई को समाप्त होना था, जिसमें अधिकारी को दिए गए पिछले एक्सटेंशन को अवैध माना गया था। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने केंद्र की याचिका को आंशिक रूप से अनुमति दे दी। इसके पहले ही शीर्ष अदालत उनके सेवाविस्तार को गलत करार दिया था। इसलिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा फिर से इसे पंद्रह सितंबर तक बढ़ाने के अनुरोध को स्वीकार करने के बाद से ही यह दो सवाल खड़े हो गये हैं कि नये निदेशक के तौर पर मोदी सरकार इस पद पर किसे लाना चाहती है और क्या बार बार सेवाविस्तार पाने वाले ईडी निदेशक के पास सरकार की कोई गोपनीय अतिरिक्त जिम्मेदारी भी है। यदि सर्वोच्च न्यायालय को सरकार की इच्छाओं को अत्यधिक टालने के रूप में देखा जाता है तो



यह कोई आश्चर्य या आश्चर्य की बात नहीं है। केंद्र के अनुरोध पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के प्रमुख संजय कुमार मिश्रा को 15 सितंबर तक पद पर बने रहने की अनुमति देने वाला आदेश अनावश्यक रूप से उदार है। 11 जुलाई को ही न्यायालय ने श्री मिश्रा को 2021 और 2022 में दिए गए विस्तार को अवैध घोषित कर दिया था। साथ ही, सुचारु परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए उन्हें 31 जुलाई तक जारी रखने की अनुमति दी गई थी। फिर भी, बिना यह बताए कि उनके उत्तराधिकारी के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, न्यायालय ने उन्हें 15 सितंबर तक पद पर बने रहने की अनुमति देने के लिए एक अपरिभाषित व्यापक राष्ट्रीय हित का आह्वान किया है। यह पहले में एक स्वयं-सेवा आवेदन था जगह। सरकार को उनकी सेवाओं को अपरिहार्य लगने का स्पष्ट कारण यह है कि वह वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) के समक्ष देश की समीक्षा के दौरान मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिए अपने ढांचे को प्रदर्शित करने के देश के प्रयासों का नेतृत्व कर रहे हैं। बहुपक्षीय निकाय एक पारस्परिक मूल्यांकन प्रणाली अपनाता है और भारत की चल रही समीक्षा जून 2024 तक चलेगी, जब अंतिम मूल्यांकन रिपोर्ट पर इसके अनुपालन स्थिति पर संभावित पूर्ण चर्चा पर विचार किया जा सकता है। सरकार ने उनकी सेवाओं को 15 अक्टूबर तक बढ़ाने की मांग की, शायद इसलिए क्योंकि तब तक देश की एजेंसियां और संस्थान एफएटीएफ प्रतिनिधिमंडल के दौरे के लिए तैयार हो सकते हैं। मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ कानून का संचालन करने वाली एजेंसी के रूप में, देश की प्रस्तुति तैयार करने में ईडी की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है, लेकिन यह विश्वास करना मुश्किल है कि यह प्रक्रिया एक व्यक्ति पर निर्भर करती है। यदि ऐसा था भी, तो सरकार को श्री मिश्रा की सेवाओं का उपयोग अकेले एफएटीएफ उद्देश्यों के लिए करने से नहीं रोका गया, जबकि निदेशालय की नियमित गतिविधियों को उनके उत्तराधिकारी के अधीन छोड़ दिया गया। किसी भी स्थिति में,विभिन्न एजेंसियां और प्राधिकरण मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण पर देश की नीतियां तैयार करने में शामिल हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि न्यायालय ने उन तर्कों को नहीं माना जो इन बिंदुओं पर प्रकाश डालते थे। इससे सवाल उठे कि एक व्यक्ति कैसे अपरिहार्य हो सकता है, लेकिन अंततः उसे कुछ और समय तक पद पर बने रहने की अनुमति देने का फैसला किया गया। कोई भी इस तर्क को समझ सकता है कि देश की छवि सकारात्मक एफएटीएफ मूल्यांकन पर निर्भर करती है, लेकिन यह दावा कि श्री मिश्रा को विस्तार नहीं देने से नकारात्मक छवि बन सकती है, काफी समझ से परे है। भारत की साख का मूल्यांकन उसके कानूनों, प्रणालियों और वैश्विक मानकों के अनुपालन पर किया जाएगा, न कि इस बात पर कि रिपोर्ट किसने तैयार की। न्यायालय की अनुमति उन कार्यों के लिए सरकार को जवाबदेह ठहराने के उसके संकल्प से विमुख हो जाती है जिन्हें उसने स्वयं अवैध घोषित कर दिया था। लोकसभा चुनाव के करीब आने के बीच बदलते राजनीतिक समीकरणों से भी कई चीजें बदलती नजर आ रही हैं। अचानक से सीएजी की रिपोर्टों में कई सरकारी योजनाओँ में वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा होना भी कोई शुभ संकेत नहीं है। आंख का ईलाज कराने विदेश गये टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी के बयान के बाद झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बात भी यह संकेत दे रही है कि अब सभी नये ईडी निदेशक की प्रतीक्षा कर रहे हैं। ऐसे में चुनावी खेमाबंदी का भी इस पर असर पड़ेगा अथवा नहीं, यह देखने वाली बात होगी। ऐसा संदेह इसलिए भी उपज रहा है क्योंकि सीएजी द्वारा मोदी सरकार की कई गड़बड़ियों की सूचना यूं ही इस मौके पर बाहर नहीं आयी होगी। टू जी और थ्री जी घोटाला भी चुनावी मुद्दा बना था जो कांग्रेस की सरकार के परास्त होने का कारण बना।

# बाल विवाह उन्मूलन में प्रगति, पर यह शिक्षा और योजनाओं के भरोसे संभव नहीं

पिछले दो दशकों के दौरान बिहार विकास के पथ पर आगे बढ़ा है, लेकिन राज्य में कई सामाजिक बुराइयां आज भी बदस्तूर जारी हैं। इनमें से बाल विवाह भी एक है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे- 5 (एनएफएचएस, 2019-20) की मानें तो राज्य में आज भी 20 से 24 साल उम्र की 40.8 फीसदी महिलाओं ने बताया कि उनकी शादी 18 से कम उम्र में ही हो गई थी। अगर जिलावार बात करें तो सुपौल (56 फीसदी), बेगुसराय (53.2 फीसदी) और जमुई (50.8 फीसदी) बाल विवाह के लिए हॉटस्पॉट जिले हैं। एनएफएचएस-4 (2015-16) में यह आंकड़ा 42.5 फीसदी था। वहीं, साल 2005-06 (एनएफएचएस-4) में यह आंकड़ा 69 फीसदी था। इन आंकड़ों के आधार पर हम कह सकते हैं कि पिछले डेढ़ दशकों में बिहार ने बाल विवाह उन्मूलन की दिशा में काफी प्रगति तो की है, लेकिन अभी मंजिल काफी दूर है।




इस दौरान राज्य में लोगों के शादी करने की औसत आयु में बढ़ोतरी हुई है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के आंकड़े बताते हैं महिलाओं की शादी में 2.3 साल की औसत बढ़ोतरी हुई है। साल 2005-26 में यह आंकड़ा 15.1 साल का था, जो 2019-20 में बढ़कर यह करीब साढ़े 17.4 साल हो गया। हालांकि, अभी भी यह आंकड़ा राष्ट्रीय औसत 19.2 साल कम है।



**राकेश कुमार सिंह**
स्तंभकार

इन सबके बीच यह राहत वाली बात दिखती है कि लड़कियों की सशक्तिकरण के लिए कई योजनाओं की अच्छा असर जमीन पर दिख रहा है। इन योजनाओं में मुख्यमंत्री बालक बालिका साइकिल योजना, बिहार मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, बिहार मुख्यमंत्री कन्या सुरक्षा योजना शामिल हैं। इनमें साइकिल योजना और मैट्रिक से लेकर स्नातक की पढ़ाई करने वाली लड़कियों के लिए स्कॉलरशिप योजना काफी बदलावकारी साबित हुआ है। इसके अलावा बिहार सरकार ने राज्य की नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दिया है।

इन सब योजनाओं से लाभान्वित होकर बिहार की लड़कियां न केवल उच्च शिक्षा हासिल कर रही हैं, बल्कि अपने माता-पिता और भाई-बहनों का सहारा भी बन रही हैं। इसके चलते बाल विवाह के मामले धीरे-धीरे ही सही लेकिन कम हो रहे हैं। अब लड़कियां कम उम्र में शादी का विरोध कर अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे रही हैं।

एनएफएचएस-5 के आंकड़े बताते हैं कि निरक्षर लड़कियों में बाल विवाह का आंकड़ा 63 फीसदी है। वहीं, उच्च शिक्षा हासिल करने वाली लड़कियों में बाल विवाह की दर केवल 12 फीसदी है। एनएफएचएस की रिपोर्ट के अलावा इसकी पुष्टि हर साल 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा के आंकड़ों से भी होती है।

साल 2023 में 10वीं क्लास की परीक्षा में लगभग 17 लाख बच्चे शामिल हुए थे, जिनमें 8,20,179 छात्र और 7,90,920 छात्राएं थीं। वहीं, 12वीं क्लास की परीक्षा में करीब 13.18 लाख बच्चों में 6,81,975 छात्र और 6,36,464 छात्राएं थीं। यानी राज्य में लड़कियां शिक्षा हासिल करने के मामले में लड़कों के साथ कदमताल कर रही हैं। साथ ही, सरकारी नौकरियों में भी लड़कियों की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है।

इन सब उपलब्धियों के बीच राज्य की बच्चियों की कम उम्र में शादी आज भी चिंता का विषय बना हुआ है। सदियों से चले आ रहे इस अभिशाप को जड़ से खत्म करने की जिम्मेदारी केवल शिक्षा और कल्याणकारी योजनाओं के कंधे पर नहीं छोड़ा जा सकता है। इसके लिए शासन और कानून व्यवस्था के साथ समाज को भी आगे आना होगा। इस दिशा में कई सामाजिक संगठन और कार्यकर्ता अपने स्तर पर लगातार प्रयास कर रहे हैं।

नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी ने 16 अक्टूबर, 2022 को देशभर में बाल विवाह के खिलाफ अभियान शुरू किया था। इसमें देशभर की 70,000 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया। यह अभियान सोशल मीडिया पर #इं'श्र्प्ँरीअर्थ्र के जरिए अपने पांव पसार रहा है। पूरे देश के लोग, खासकर किशोरियों और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी इसमें देखी गई है।

देश के राज्यों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति बताने वाली सरकारी और गैर-सरकारी रिपोर्टों को हम देखें तो पाएंगे कि बिहार अभी भी विकास को लेकर काफी पिछड़ा हुआ है। लेकिन पिछले दशकों के दौरान राज्य की बेटियां शिक्षा हासिल कर हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी तय कर रही हैं और अपना नाम बुलंद कर रही है।

हालांकि, इन सबके के बीच बाल विवाह अभी भी लाखों बेटियों की उड़ान में एक बाधा की तरह है। सरकार सहित समाज के हर पक्ष को एकजुट होकर इसे खत्म करना होगा, तभी सही मायने में आने वाला समय देश के लिए 'अमृत काल' साबित होगा।

**(लेखक:सचिव जन निर्माण केंद्र, किशनगंज, बिहार)**

## नजरिया

# अविश्वास प्रस्ताव पर विपक्ष बनाम सरकार



**अवधेश कुमार**
पत्रकार

लोकसभा में तीन दिनों तक चले अविश्वास प्रस्ताव पर बहस ने आगामी 2024 लोकसभा चुनाव तक की राजनीतिक ध्वनियों की दिशा तय कर दी है। राजनीति में सामान्य रुचि रखने वालों में से भी शायद ही कोई हो जिसने अविश्वास प्रस्ताव की चर्चा अवसर मिलने पर लाइव न देखी या सुनी हो। पार्टियों और नेताओं के लिए यह केवल एक दूसरे को घेरने, उत्तर देने, व्यंग्य और कटाक्ष करने का ही अवसर नहीं होता, बल्कि नेताओं -कार्यकताओं -समर्थकों को बोलने व तर्क करने के लिए विषय-वस्तु, शब्दावलियां भी प्रचुर मात्रा में प्राप्त होती है। कम से कम भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने बोलते समय इस पहलू का अवश्य ध्यान रखा। बावजूद यह संभवतः पहला अविश्वास प्रस्ताव था जिसमें सरकार की ओर से बोलने वालों को विपक्ष के तथ्यों ,तर्कों व आरोपी की काट के लिए शोध या छानबीन कर विषयवस्तु लाने की आवश्यकता नहीं पड़ी।

> **विपक्ष के नेताओं का एक भी भाषण नहीं जिसे सुनने के बाद लगे कि सरकार के लिए इसका उत्तर देना कठिन या असंभव होगा या वह निरुत्तर हो जाएंगे।**

विपक्ष चाहे जितनी अपनी वाहवाही करे कि उसने प्रधानमंत्री को बोलने के लिए विवश कर दिया, सच यह है कि उनकी तैयारी ऐसी नहीं थी जिससे सरकार को घेरा जा सके। विपक्ष के नेताओं का एक भी भाषण नहीं जिसे सुनने के बाद लगे कि सरकार के लिए इसका उत्तर देना कठिन या असंभव होगा या वह निरुत्तर हो जाएंगे। आप आरोप लगाएं, हमले करें और उनमें अधिकृत तथ्य नहीं हो तो संसद की बहस में उसके मायने नहीं होते। सच कहा जाए तो सरकार की ओर से विशेषकर गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण या प्रधानमंत्री तक ने अपनी ओर से ही संबंधित विषय रखे ताकि वह सब संसद के रिकॉर्ड में आ जाए और रुचि रखने वालों को उपलब्ध हो। आईएनडीआईए के गठन के बाद 26 दलों के संगठित विपक्षी समूह के लिए यह नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल का सबसे बड़ा अवसर था जिसमें वह स्वयं की क्षमता प्रमाणित कर सकते थे। वे साबित कर सकते थे कि हमारे पास इतनी योग्यता है जिससे हम सरकार को उन्हीं के तथ्यों और तर्कों से कटघरे में खड़ा कर सकते हैं, देश के भविष्य को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समानांतर हर विषय पर हमारे पास ऐसी रूपरेखा और सोच के साथ व्यक्तित्व भी हैं जो बेहतर सरकार चला सकते हैं। क्या कोई स्वीकार करेगा कि आईएनडीआईए इन कसौटियों पर स्वयं को खरा उतारने में सफल हो सका? कांग्रेस की ओर से तरुण गोगोई ने अवश्य अपने भाषण में विषयवस्तु रखें, लेकिन वह इतना प्रभावी नहीं था जिनसे सरकार को उत्तर देने में कठिनाइयां पैदा हो। राहुल गांधी जब दूसरे दिन बोलने के लिए खड़े हुए तो सोचा गया कि भारत जोड़ो यात्रा तथा सजा के कारण चार महीने से ज्यादा समय तक लोकसभा सदस्यता से वंचित रहने के बाद उनके भाषण में अवश्य तथ्यों के साथ कटाक्ष एवं आक्रमण होंगे। आखिर आईएनडीआईए की सबसे बड़ी पार्टी के शीर्ष सक्रिय नेता होने के कारण संसद में आगे बढ़कर अपने वक्तव्य से उन्हें ही नेतृत्व संभालना था। जब आप 37 मिनट के भाषण में 15 मिनट से ज्यादा भारतयात्रा पर बोलेंगे और शेष सरकार को देशद्रोही से लेकर भारत माता की हत्या करने वाले बाबा बताने में ही समय लगा देंगे तो आपके पास मणिपुर से लेकर आर्थिक, सांस्कृतिक, रक्षा, विदेश नीति, आंतरिक सुरक्षा आदि पर बोलने के लिए समय कहां रहेगा। लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी का वक्ताओं में नाम भी नहीं था। ऐसा लगता है जब गृह मंत्री अमित शाह ने तंज कसा तो नाम शामिल किया गया। ऐसा लगा जैसे वे प्रधानमंत्री के लिए अपमानजनक, अशोभनीय शब्दों और तुलनाओं की पोटली लेकर उपस्थित हुए हो।

# क्षत्रिय और पड़ोसी मित्र

**गतांक से आगे .. .. ..**

दूसरे दिन दोनों घर से निकले, क्षत्रिय गुरू नानक देव जी के पास सत्संग में चले गए और पडोसी वेश्या के घर की तरफ गया परन्तु वेश्या घर पे नहीं थी। निराश होकर वह वापस उस जगह पर लौट गया जहां उसे क्षत्रिय का इंतेजार करना था।
खाली बैठकर वह जमीन खोदने लगा तो उसे एक घड़ा मिला, जिसमे कुछ सोने की मुहरे थी, वह बहुत खुस हुआ और क्षत्रिय का इंतेजार करने लगा।
इधर जब क्षत्रिय सत्संग से वापस आ रहा था, तो रास्ते में उसके पैर में एक काँटा चुभा पूरा पैर खून से लथपथ हो गया। कपडा फाड़ कर उसने अपने पाँव पर बाँध लिया और जैसे-तैसे लंगड़ाते



हुए अपने पडोसी के पास पंहुचा, और पड़ोसी को सारी घटना बताई।
इतना सुन पडोसी जोर-जोर से ठहाके मारकर हंसने लगा। और क्षत्रिय से बोला कि तुम रोज सत्संग में जाते हो और तुम्हे आज एक कांटा चुभ गया, मै रोज कुकर्म करता हु फिर भी दखो मुझे सोने के मुहर से भरी घड़ा मिला।
क्षत्रिय भी बड़ा परेशान हुआ, और अगले दिन दोनों गुरूजी के पास इस प्रश्न का उत्तर जानने के लिए पहुंचे। और सारी बातें गुरूजी को बताई गुरूजी शांत थे। पर क्षत्रिय के द्वारा प्राथना किये जाने पर गुरूजी ने पडोसी से कहां कि
पूर्व जन्म में तुमने एक मोहर दान दिए थे, सो तुम्हे सोने के मोहरों से भरा घड़ा मिला परन्तु तुम्हारे कुकर्मो के बदौलत वह कोयला बन चूका है। और मेरा भक्त यह क्षत्रिय के भाग्य में शूली पर चढ़ना लिखा था, पर सतसंग के प्रभाव से शूली शूल में बदल गया।
कहानी का तात्पर्य यह है कि अगर अच्छे कर्म करते है, तो इससे हमे कभी हानि नहीं होती, सत्संग से कभी भी हानि नहीं होती। .. ..**समाप्त।**

## जानकारी


# आध्यात्मिक ऊर्जा का संरक्षण



मान्यता के अनुसार, प्रतिदिन पूजा-पाठ होने से मंदिर में आध्यात्मिक ऊर्जा समाहित होती है। इसलिए रात के समय मंदिर के कपाट बंद कर इस ऊर्जा को मंदिर परिसर में ही समाहित किए जाने का प्रयास किया जाता है। क्योंकि रात के समय यह ऊर्जा कई गुना तक बढ़ जाती है। वहीं जब भक्त सुबह पूजा के लिए मंदिर में आते हैं तो उन्हें दर्शन का पूरा लाभ मिलता है। इसीलिए कहा जाता है कि मंदिर में सुबह जल्दी दर्शन करना शुभ माना जाता है।अगर आप इसके पीछे वैज्ञानिक कारण खोजते हैं, तो बता दें कि इसका कोई विशिष्ट वैज्ञानिक कारण नहीं है। मंदिर की साफ-सफाई से जुड़ा वैज्ञानिक कारण जरूर हो सकता है। वहीं वैज्ञानिक कारण से ज्यादा इसके पीछे आध्यात्मिक कारण हैं, जिनका हम सदियों से पालन करते आ रहे हैं। इसके पीछे का एक कारण यह भी होता है कि मंदिर में आने वाले पर्यटकों की संख्या को नियंत्रित करने का प्रयास करना है। अगर शास्त्रों के हिसाब से बात करें तो रात के समय मंदिर के कपाट बंद करने से बाहर का शोर-शराबा अन्य गतिविधियों से होने वाली परेशानी को कम करने में मदद मिलती है। इसलिए इस नियम का पालन करना जरूरी माना जाता है।

# Vivo Y78+ (T1) हुआ लॉन्च

साइबर दुनिया



नई दिल्ली : Vivo ने चीन में Vivo 78+ (T1) एडिशन को लॉन्च कर दिया है। कंपनी का नया सीरीज फोन क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 695 SoC से लैस है। इस फोन 8GB LPDDR4x RAM और 256GB UFS 2.2 इनबिल्ट स्टोरेज है। इस फोन में 5,000mAh की बैटरी दी गई है जो कि 44ह फास्ट चार्जिंग का सपोर्ट करती है। इस फोन में 50 मेगापिक्सल कैमरा दिया गया है। यहां हम आपको Vivo 78+ (ळ1) एडिशन के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

**Vivo Y78+ (T1) की कीमत**

Vivo Y78+ (T1) IZY 8GB + 128GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत उठ 1,599 (लगभग 18,200 रुपये) है। वहीं 8GB + 256GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत CN 1,799 (लगभग 20,500 रुपये) और 12GB + 256GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत उठ 1,999 (लगभग 22,800 रुपये) है। कलर ऑप्शन के लिए यह Azure, Moon Shadow A:SX Warm SunGol िकलर ऑप्शन में उपलब्ध है।

**Vivo Y78+ (T1) के स्पेसिफिकेशंस**

Vivo Y78+ (T1) में 6.78 इंच की फुल HD+ OLED डिस्प्ले दी गई है, जिसका रेजोल्यूशन 1,080 x 2,400 पिक्सल और रिफ्रेश रेट 120Hz है। यह फोन ऑक्टा कोर Qualcomm Snapdragon 695 SoC प्रोसेसर से लैस है। इस फोन में 8GB LPDDR4x RAM और 256GB UFS 2.2 इनबिल्ट स्टोरेज से लैस है। यह फोन एंड्रॉयड 13 पर बेस्ड OriginOS 3.0 पर बेस्ड है। कैमरा सेटअप की बात करें तो Vivo 78+ (T1) में 50 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा और 2 मेगापिक्सल का पोर्ट्रेट कैमरा दिया गया है। वहीं इसके फ्रंट में 8 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा दिया गया है।

## टॉप ट्वीट

"आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन बिबेक देबरॉय द्वारा अपने लेख में देश में नए संविधान की वकालत करना उनके अधिकारक्षेत्र का खुला उल्लंघन है, जिसका केंद्र सरकार को तुरंत संज्ञान लेकर जरूर कार्रवाई करनी चाहिए ताकि आगे कोई ऐसी अनर्गल बात करने का दुस्साहस न कर सके।"

**मायावति**
बसपा प्रमुख





"मैं! विमल रॉय ने गुलजार को अपना पता देते हुए अगले दिन मिलने को बुलाया। गुलजार जब विमल रॉय के दफ्तर गये तो उन्होंने कहा कि अब कभी गैरेज में मत जाना। इसके बाद वह बिमल राय के सहायक बन गए।"

**गुलजार**
बॉलीवुड के फिल्मकार,शायर

## संपादक के नाम पत्र

### अफगानिस्तान में राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध

अफगानिस्तान में तालिबानी हुकूमत आने के बाद दो साल के भीतर हालात बदतर हो गए ।अफगान में बन्दूक के दम पर सत्ता हथियाने वाले तालिबानियों ने प्रेस और महिलाओ की आजादी पर हमला बोल दिया है ।अफगानिस्तान में हालात खराब है ।दुनिया के किसी भी देश ने अफगान की सरकार को मान्यता नही दी है ।कुछ पड़ोसी देश अफगानिस्तान को समर्थन दे रहे है ।लेकिन विश्व समुदाय से कटने वाले अफगानिस्तान में महिलाओ की आजादी को छीन लिया है ।महिलाओ को प्राथमिक स्कूल की शिक्षा के बाद उनको आगे पढ़ने नही दिया जा रहा है ।शरीयत पर चलने वाले अफगानिस्तान में लोकतंत्र का कोई औचित्य नही है ।अफगानिस्तान में राजनीतिक दलों को मजबूर किया जा रहा है। अगर राजनीति की तो सीधा जेल जाना पड़ेगा। उसकी जिम्मेदारी कांग्रेस की रही है। राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध है ।महिलाओं के मस्जिदों में जाने और श्रृंगार के लिए ब्यूटी पार्लर पर प्रतिबंध लगाने वाले हुकूमतदार अफगान के विकस में बाधक बन रहे है ।बैंकों और अर्थव्यवस्था को लेकर काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है ।अमेरिकी सैनिक स्वदेश लौटते ही तालिबानी हुकूमत आ गई ।जिसका दोष अमेरिका को दिया जा रहा है ।लेकिन अमेरिका ने बिस साल तक अफगानिस्तान में सैनिकों का जमावड़ा रखा ।लोकतंत्र को कुचलकर बन्दूक के जोर पर सत्ता हासिल करने वाले तालिबानी हुक्मरानों के समक्ष विपक्ष की कोई चीज नही है ।कोई भी सियासी गुट को पनपने नही देते है ।उसकी गलत नीतियों के कारण वैश्विक प्रतिबंद है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## प्रदेश >> अपडेट

### भू-अर्जन विभाग की उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

**गोड्डा:** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में भू-अर्जन संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान भू-अर्जन से संबंधित प्राप्त अधियाचना के आलोक में प्रगति कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान जिले में सड़क और रेलवे लाइन निर्माण योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अधिग्रहित की गई।

**कार्रवाई** भाजपा कार्यालय में मिसफिका हसन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी

# ईडी की कार्रवाई से बचने के लिए सीएम कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को फंसाने का काम

**8 राज्य की जनता सब समझ रही है और इसका जवाब 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में देगी**

**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़:** बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री मिस्फीका हसन की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अवैध तरीके से जमीन और संपत्ति अर्जित करके के आरोपों के बाद उनके खिलाफ मुख्यमंत्री द्वारा पीई दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। हालांकि इसके बाद बीजेपी नेत्री ने इसे बदले की कार्रवाई बताया है। उन्होंने कहा कि क्योंकि सीएम हेमंत सोरेन पर ईडी कार्रवाई कर रही है, इसलिए बीजेपी नेताओं को फंसाने का काम किया जा रहा है।

शुक्रवार को पाकुड़ जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में की राष्ट्रीय मंत्री मिस्फीका हसन ने पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया। यहां उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताया. मिस्फीका हसन ने मुख्यमंत्री के आदेश को बदले की भावना करार दिया है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी नाकामियों को छिपाने और ईडी की कार्रवाई से बचने के लिए इस तरह के आदेश जारी कर रहे हैं। मिस्फीका ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अगर इतने ही साफ सुथरे छवि के हैं तो ईडी के सवालों का सामना करना चाहिए न कि चेहरा छिपाते रहना चाहिए मिस्फीका ने कहा कि राज्य में बेरोजगारी, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, बढ़ रहे भ्रष्टाचार के मुद्दे को भटकाने के लिए ऐसे जांच के आदेश दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरे नाम पर कोई जमीन नहीं है। अगर जमीन रहती तो इसका ऑनलाइन सिस्टम है। इसकी जांच जिलास्तर पर आसानी से हो सकती थी, लेकिन बीजेपी कार्यकताओं को परेशान करने के नीयत से एसीबी को जांच का आदेश दिया हैं।



## न्यूज फटाफट

### प्रखंड अध्यक्ष बनने पर गौतम राज को दी बधाई

**पलामू :** जिले के पिपरा प्रखंड सभागार में बीते बुधवार को संपन्न कृषक अभिरुचि समूह के किसानों के साथ सम्पन्न बैठक में समाजसेवी पत्रकार गौतम राज को प्रखंड कृषक सलाहकार समिति का अध्यक्ष चुना गया। इसके पहले प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डू यादव समूह के किसानों के साथ बैठक कर विचार विमर्श किया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए दो दावेदारों ने अपने नाम का प्रस्ताव दिया। इस दौरान मतदान प्रक्रिया से गौतम राज को प्रखंड कृषक सलाहकार समिति का अध्यक्ष चुना गया । जिसमें कुल 24 प्रगतिशील किसानों ने हिस्सा लिया। इसमें सर्वाधिक 21 वोट गौतम राज को मिले। मौके पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक संजय कुमार, एफआईजी के लीडर नेता सुनील कुमार सिंह ,अरुण कुमार सिंह ,कमलेश प्रजापति, सुरेंद्र सिंह, रमेश ठाकुर,अभिमन्यु कुमार सिंह, मनोज तिवारी, बैजनाथ सिंह, उमेश यादव,धनंजय यादव,जनेश्वर राम, राजकुमार राम, संतोष यादव, राजेश कुमार, नितीश, मनोज सिंह,राजेश सिंह,बलराम मेहता, संजय कुमार सिंह, बृजमोहन राम, मंकु विश्वकर्मा, नीतीश कुमार सिंह,विजय राम, कृषक मित्र पिंटू कुमार सिंह, लाल बहादुर सिंह, अभय सिंह, पिंटू सिंह,धर्मेंद्र सिंह,अर्जुन यादव, विनोद यादव, जय किशोर सिंह, सतनारायण राम ,मिथिलेश सिंह, मनोज यादव, अवधेश राम,कुश यादव,मनोज राम,नंदू उरांव,प्रभु यादव, प्रतिमा देवी, मिथिलेश सिंह, अंजना देवी, सत्येंद्र यादव, सुशीला देवी, उप प्रमुख उपेंद्र कुमार यादव ,जनेश्वर रजवार, जिला परिषद सदस्य ददन पासवान, पिपरा मुखिया प्रतिनिधि राजद प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष पासवान, युवा नेता विकास तिवारी, मधुबाना मुखिया राजेश राजवंशी,जनेश्वर भुईयां ने अध्यक्ष बनने पर गौतम राज को बधाई दी।






## प्रदेश >> अपडेट

### मणिपुर में शुक्रवार को की गयी तीन लोगों की हत्या

**इंफाल:** मणिपुर में उखरुल जिले के थोवई कुकी गांव में अज्ञात लोगों ने शुक्रवार को तीन लोगों की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि इलाके में गोलियों की आवाज सुनी गयीं। इसके बाद तीन लोगों के शव पाये गये। मृतकों के शव बरामद कर लिये गये हैं। घटना की जांच के लिए अतिरिक्त बल मौके पर भेजा गया है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### प्रचार, भ्रष्टाचार और अत्याचार बनी मध्यप्रदेश की पहचान : कमलनाथ

**भोपाल:** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार के कथित घोटालों को लेकर एक पंपलेट जारी करते हुए आरोप लगाया कि प्रचार, भ्रष्टाचार अेर अत्याचार प्रदेश की पहचान बन गए हैं। कमलनाथ ने यहां स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि सरकार की नीति और नीयत ठगने वाली है। सरकार ने महाकाल से लेकर गौमाता तक किसी किसी को नहीं छोड़ा। ये प्रदेश पर सबसे बड़ा कलंक है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की इसी छवि के कारण प्रदेश में निवेश नहीं आ रहा। इस अवसर पर कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ ने एक पंपलेट का भी विमोचन किया। पार्टी का कहना है कि प्रदेश सरकार के कथित घोटालों की जानकारी देने के लिए वो ये पंपलेट घर-घर बंटवाएगी। स्वयं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर कमलनाथ ने कहा कि वल्लभ भवन (भोपाल स्थित मंत्रालय) में कैमरे लगे हैं। अगर किसी को भी उन पर (कमलनाथ पर) शक है, तो उन कैमरों की रिकॉर्डिंग के माध्यम से जांच कराई जा सकती है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### त्रिपुरा माकपा ने भाजपा पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का लगाया आरोप

**अगरतला:** त्रिपुरा में विपक्षी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने दो विधानसभा क्षेत्रों धानपुर और बौकसानगर में उपचुनाव के दौरान सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए भारत के चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। माकपा के प्रदेश सचिव जितेंद्र चौधरी ने अपनी शिकायत में कहा है कि बुधवार को जब उनकी पार्टी का जुलूस नामांकन दाखिल करने के लिए चुनाव कार्यालय की ओर आ रहा था, तो उसे इस आधार पर रोक दिया गया कि यह एक प्रतिबंधित क्षेत्र है। लेकिन एक दिन बाद इसी क्षेत्र में बड़ा मंच बनाया गया और भाजपा के शीर्ष नेताओं ने बिना किसी बाधा के यहां सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सत्तारूढ़ भाजपा को चुनाव संहिता के पालन के लिए जिम्मेदार और सम्मानजनक होना चाहिए था लेकिन वह चुनावी लाभ हासिल करने के लिए जानबूझकर इसका उल्लंघन कर रही है।

### लिपिक पांच हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**दमोह:** मध्यप्रदेश के दमोह के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ एक लिपिक को आज लोकायुक्त पुलिस ने पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। लोकायुक्त पुलिस सागर के अनुसार दमोह जिले के हटा विकासखंड के लुहारी मिडिल स्कूल में शिक्षक के रूप में सेवा देने वाले लक्ष्मी कोरी ने नवंबर माह में रिटायर्ड होने के बाद अपनी पेंशन के लिए आवेदन किया था। जिला शिक्षा कार्यालय के लिपिक अभिषेक जैन द्वारा पेंशन प्रकरण बनाने के बदले रिटायर्ड शिक्षक से लगातार रिश्वत की मांग की जा रही थी। परेशान रिटायर शिक्षक ने लोकायुक्त में शिकायत की थी, जिसके बाद टीम ने परीक्षण किया।

**राजनीति** गुटबाजी रोकने की मुहिम या राजघराने को किनारे करने की चाल

# वसुंधरा सहित तीन बड़े नेता चुनाव पैनलों में नहीं

- चार नेताओं को दोनों समितियों से बाहर रखा गया है
- प्रतिद्वंद्वी खेमे के कारण कैडर में नाराजगी पैदा हो सकती है



**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** कद्दावर भाजपा नेत्री वसुंधरा राजे सहित 3 अन्य प्रमुख नेता राजस्थान के लिए भाजपा के 2 चुनाव पैनलों में नहीं हैं। ऐसा पता चला है कि पूर्व मुख्यमंत्री, राज्य भाजपा प्रमुख सीपी जोशी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत, विपक्ष के नेता राजेंद्र राठौड़ को बाहर रखा गया है क्योंकि पार्टी को लगता है कि ह्यप्रतिद्वंद्वी खेमे के नेताओं को शामिल करने से कैडर में नाराजगी हो सकती है। इसके बजाय पार्टी ने नारायण लाल पंचारिया को चुनाव प्रबंधन समिति का संयोजक और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को घोषणा पत्र समिति का संयोजक नियुक्त किया है। हालाँकि, दिल्ली में पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के नेता राजेंद्र राठौड़ को भी समानता दिखाने के लिए समितियों से बाहर रखा गया है और पार्टी इस समय नेताओं को शामिल करके अंदरूनी कलह को आमंत्रित नहीं करना चाहती है। किसी भी प्रतिद्वंद्वी खेमे के कारण कैडर में नाराजगी पैदा हो सकती है। उन्होंने कहा, इसीलिए सभी चार नेताओं को दोनों समितियों से बाहर रखा गया है। जिन वरिष्ठ नेताओं को किसी भी समिति से बाहर रखा गया है, उन्हें चुनाव प्रचार समिति में शामिल किया जा सकता है, जिसकी घोषणा होनी बाकी है।

चुनाव प्रबंधन समिति के नियुक्त संयोजक, पंचारिया राजस्थान भाजपा का एक प्रमुख ब्राह्मण चेहरा हैं, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के साथ लंबे समय से जुड़े हुए हैं। वह अतीत में राज्यसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक के रूप में कार्य कर चुके हैं और उन्हें राज्य भाजपा अध्यक्ष पद के दावेदारों में से एक के रूप में भी देखा जाता था। पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ और राज्य भाजपा महासचिव भजनलाल शर्मा और दामोदर अग्रवाल के अलावा पूर्व सांसद ओंकार सिंह लखावत और पूर्व राज्य सूचना आयुक्त सीएम मीना को राजस्थान के लिए भाजपा की चुनाव प्रबंधन समिति का सह-संयोजक बनाया गया है। घोषणापत्र समिति के लिए, भाजपा के राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी और किरोड़ी लाल मीणा, पार्टी की राष्ट्रीय सचिव अलका गुर्जर और पूर्व मंत्री सुभाष मेहरिया के अलावा राज्य भाजपा उपाध्यक्ष प्रभु लाल सैनी और राजस्थान विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष को इसका सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। स्पीकर राव राजेंद्र सिंह. दिल्ली में एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, राजे और शेखावत को समितियों से बाहर रखने का निर्णय संघर्ष और अंदरूनी कलह से बचने के लिए किया गया था क्योंकि अगर पार्टी राजस्थान में जीतती है तो दोनों शीर्ष पद (मुख्यमंत्री) के दावेदार हैं। पार्टी ने (इस कदम से) दोनों नेताओं को संदेश भेजा है कि वह सामूहिक नेतृत्व में चुनाव में उतरेगी।

पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बार-बार कहा है कि वे ऐसे समय में मिश्रित संकेत नहीं भेजना चाहते हैं जब पार्टी राजस्थान में अशोक गहलोत को पद से हटाने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने कहा, वसुंधरा राजे पार्टी की एक वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं और भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए आगामी चुनावों में इसके लिए प्रचार करेंगी। दोनों समितियों की संरचना पर, राज्य भाजपा प्रमुख जोशी ने बताया, वरिष्ठ नेताओं को प्रचार का काम सौंपा गया है। चुनाव प्रबंधन समिति का हिस्सा बनाए गए लोग पार्टी मामलों के प्रबंधन में अधिक समय दे पाएंगे। हालांकि उनका बहिष्कार राजे के समर्थकों के लिए एक झटका था, जो उम्मीद कर रहे थे कि उन्हें चुनाव प्रबंधन समिति का संयोजक बनाया जाएगा, पार्टी सूत्रों ने कहा कि गहलोत के खिलाफ पार्टी के 15 दिवसीय नहीं सहेगा राजस्थान अभियान में हिस्सा नहीं लेने का उनका फैसला- कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को रास नहीं आई। सूत्रों ने कहा कि हालांकि उन्होंने अभियान में हिस्सा नहीं लेने के अपने कारणों से आलाकमान को अवगत कराया, लेकिन अब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राजस्थान में पार्टी के अभियान की देखभाल का जिम्मा उठाया है।

## सुवेन्दु ने जेयू पर हमले का लगाया आरोप

**एजेंसियां**

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के विपक्षी नेता सुवेन्दु अधिकारी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में जब वह शामिल होने के लिए जादवपुर विश्वविद्यालय गए थे तब अज्ञात हमलावरों के एक समूह ने उन पर अचानक हमला किया। अधिकारी ने पूछा, मैं गुरुवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जादवपुर गया था। कार्यक्रम स्थल से बाहर निकलते समय, लगभग 05:40 बजे, मुझ पर अचानक अज्ञात हमलावरों के एक समूह ने हमला किया। वे नारेबाजी करते हुए और काले झंडे लहराते हुए सुरक्षा में सेंध लगाने में कामयाब रहे।मैंने इस घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि अज्ञात हमलावर 'क्रांतिकारी छात्र संघ' के थे। यह प्रतिबंधित माओवादी संगठन का एक अति-वामपंथी फ्रंटल संगठन है। नंदीग्राम के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि यह हमला उक्त संगठन के सदस्यों की प्रतिक्रिया है, जिन्हें यह बात पसंद नहीं आई कि मैंने अपने भाषण में कोई शब्द नहीं बोले और उनके पाखंड को उजागर किया। उन्होंने आरोप लगाया, ये लोग उस समूह का हिस्सा हैं जिन्होंने जादवपुर विश्वविद्यालय को राष्ट्र विरोधी और असामाजिक गतिविधियों का अड्डा बना दिया है। कोलकाता पुलिस की अपराध-रोधी शाखा ने बंगाली (ऑनर्स) के एक छात्र (18) की कथित तौर पर छात्रावास में दूसरी मंजिल से गिरकर हुई।

भाजपा विधायक की टिप्पणी से दिल्ली विधानसभा में हंगामा

## मणिपुर किसी के लिए मायने नहीं रखता: मोहन सिंह



- भाजपा इस विषय पर चर्चा नहीं चाहते थे
- सदन में नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी

**एजेंसियां**

**नई दिल्ली:** भाजपा के एक विधायक की टिप्पणी कि मणिपुर किसी के लिए मायने नहीं रखता से आज दिल्ली विधानसभा में हंगामा मच गया, जिसके दौरान चार भाजपा विधायकों को मार्शल से बाहर करना पड़ा। आप के दुर्गेश पाठक ने पूर्वोत्तर राज्य में तीन मई से जारी हिंसा पर अल्पकालिक चर्चा शुरू की थी। भाजपा विधायक विरोध में खड़े हो गए और तर्क दिया कि सदन में केवल दिल्ली से संबंधित मुद्दों पर ही चर्चा होनी चाहिए। डिप्टी स्पीकर राखी बिड़ला ने विधायकों से उनके विरोध पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, क्या उन्हें लगता है कि मणिपुर विधानसभा में चर्चा का मुद्दा नहीं है यूपी विधानसभा में भी मणिपुर मुद्दे पर चर्चा हुई। इसी बीच करावल नगर से भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने मणिपुर मुद्दे से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि राज्य की घटनाओं से कोई फर्क नहीं पड़ता। उपसभापति ने जवाब देते हुए कहा कि दिल्ली से संबंधित मुद्दों पर सुबह से चर्चा हो रही है, लेकिन क्या विपक्ष चर्चा में गंभीरता से भाग ले रहा है लेकिन विधायकों ने नरमी बरतने से इनकार कर दिया। श्री पाठक ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा इस मुद्दे पर चर्चा नहीं चाहती है। उनके नेतृत्व में आप विधायकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारे भी लगाये। जल्द ही, भाजपा के अभय वर्मा, जितेंद्र महाजन, अजय महावर और ओपी शर्मा को मार्शलों ने सदन से बाहर कर दिया। मणिपुर मुद्दे ने संसद के मानसून सत्र को हिलाकर रख दिया था, विपक्ष ने सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था, इस उम्मीद में कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मुद्दे पर बोलने के लिए दबाव डालेंगे।

## अफगानिस्तान के ऊपर से उड़ने से बच रही हैं विमान कंपनियां



**एजेंसियां**

**दुबई:** अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के दो साल बाद, संयुक्त राज्य अमेरिका ने नियमों में ढील देना शुरू कर दिया है, जो वाणिज्यिक एयरलाइनों को उन मार्गों पर देश भर में उड़ान भरने की अनुमति दे सकता है जो पूर्व-पश्चिम यात्रा के लिए समय और ईंधन की खपत में कटौती करते हैं। लेकिन भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए छोटे किए गए उड़ान मार्ग ऐसे प्रश्न खड़े करते हैं जिनका 1990 के दशक से लेकर 11 सितंबर, 2001 के हमलों के बाद के महीनों तक तालिबान के पिछले शासन के दौरान कभी उत्तर नहीं दिया गया। से देश में अनियंत्रित हवाई क्षेत्र में उड़ान भरने के जोखिम का प्रबंधन कर सकती हैं जहां अनुमानित 4,500 कंधे से लॉन्च किए जाने वाले विमान भेदी हथियार अभी भी छिपे हुए हैं? और यदि आपको कोई आपातकालीन स्थिति हो और अचानक उतरने की आवश्यकता हो तो क्या होगा? इस ऐसे देश के ऊपर से कौन उड़ना चाहता है? विमानन उद्योग के लिए एक संगठन, ओपीएसग्रुप ने हाल ही में एक सरल उत्तर दिया, कोई नहीं। समूह ने कहा, पूरे देश में कोई एटीसी सेवा नहीं है, सतह से हवा में मार करने वाले हथियारों की एक अंतहीन सूची है, यदि आप बहुत नीचे उड़ते हैं तो वे आप पर गोलीबारी शुरू कर सकते हैं। अफगानिस्तान मध्य एशिया में भूमि से घिरा हुआ है।

## इक्काडोर:राष्ट्रपति चुनाव, प्रचार के दौरान चली गोलियां



**एजेंसियां**

**ब्यूनस आयर्स:** इक्काडोर के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डेनियल नोबोआ के गुयास प्रांत के दुरान शहर में प्रचार अभियान के समापन कार्यक्रम के दौरान गोलियों की आवाज सुनी गई। स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एल यूनिवर्सो अखबार की रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार शाम नेशनल डेमोक्रेटिक एक्शन राजनीतिक आंदोलन के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार नोबोआ के कार्यक्रम के दौरान गोलियों की आवाजें सुनी गईं। कार्यक्रम में भाग लेने वाले पत्रकारों ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि यह उम्मीदवार पर हमला था। गोलियों की आवाज जब सुनी गई तो नोबोआ डुरान के मध्य में था। रिपोर्ट में कहा गया है कि राजनेता के सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें बिना किसी नुकसान के बाहर निकाल लिया। नोबोआ बुलेटप्रूफ़ जैकेट पहनते हैं और कथित तौर पर उन्हें जान से मारने की धमकियाँ मिल रही हैं। अगस्त की शुरुआत में इक्काडोर के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार फर्नांडो विलाविकेंसियो की एक चुनावी रैली में हमले के दौरान राजधानी क्विटो में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

**विरोध** कुकी-जनजाति बहुल पहाड़ी क्षेत्रों के लिए एक अलग मुख्य सचिव और डीजीपी की मांग की है

## कुकी विधायकों ने अपने लिए अलग प्रशासन मांगा

- भाजपा के सात विधायकों सहित 10 कुकी विधायकों ने पीएम मोदी को एक ज्ञापन सौंपा

**राष्ट्रीय खबर**



**नई दिल्ली:** कुकी जनजाति के दस विधायकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मणिपुर में कुकी-जनजाति बहुल पहाड़ी क्षेत्रों के लिए एक अलग मुख्य सचिव और डीजीपी की मांग की है। भाजपा के सात विधायकों सहित 10 कुकी विधायकों ने बुधवार को पीएम मोदी को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें अनुरोध किया गया कि राज्य के पांच पहाड़ी जिलों में कुशल प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए मुख्य सचिव और डीजीपी के समकक्ष पद स्थापित किए जाएं। जिन पांच जिलों के लिए उन्होंने यह मांग उठाई है, वे हैं चुराचांदपुर, कांगपोकपी, चंदेल, टेंग्नौपाल और फेरजॉल।

विधायकों ने ज्ञापन में कहा, कुकी-जो जनजातियों से संबंधित आईएएस, एमसीएस, आईपीएस और एमपीएस अधिकारी काम करने और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में असमर्थ हैं क्योंकि इंफाल घाटी भी हमारे लिए मौत की घाटी बन गई है। इससे पहले 10 विधायकों ने पीएम मोदी से मणिपुर के आदिवासी इलाकों के लिए अलग प्रशासन बनाने का आग्रह किया था। चल रही जातीय हिंसा का हवाला देते हुए, अधिकांश कुकी विधायक, पार्टी संबद्धता की परवाह किए बिना, 21 अगस्त से शुरू होने वाले मणिपुर विधानसभा सत्र में भाग लेने की संभावना नहीं रखते हैं। कोकोमी, एक मैतेई निकाय जो कुकियों के लिए अलग प्रशासनिक इकाइयों की मांग को सर्वसम्मति से खारिज करने के लिए एक प्रारंभिक विधानसभा सत्र के आह्वान का नेतृत्व कर रहा है, ने कहा कि यदि वे इसमें भाग लेना चुनते हैं तो यह आदिवासी विधायकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। कुकी और मैतेई समुदायों के बीच चल रही जातीय हिंसा में 180 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। मैतेई लोगों की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग को लेकर 3 मई को हिंसा भड़क उठी थी। वैसे हिंसा भड़कने के प्रारंभिक दौर में ही इंफाल घाटी से तमाम कुकी अधिकारी भी अपने आवास छोड़कर सपरिवार अपने गांव चले गये थे। इसलिए उसी समय से यह स्पष्ट हो गया था कि जातिगत विभाजन की इस सोच ने पूरी ब्यूरोक्रेसी तक को अपनी चपेट में ले लिया है। उसके बाद से हालात लगातार बिगड़ते ही चले गये। इन कुकी विधायकों ने पहले ही राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह पर अविश्वास व्यक्त किया है और यह खुला आरोप लगाया है कि राज्य में मैतेई समुदाय द्वारा कुकियों पर किये जाने वाले हमलों को मुख्यमंत्री का संरक्षण प्राप्त है। इसी वजह से भारतीय सेना और असम राइफल्स को भी जगह जगह पर काम करने से रोका जा रहा है।

## न्यूज फटाफट

### बोलीविया बस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 20 हुई

**लापाज :** बोलीविया में बुधवार को कोचाबम्बा-सांता क्रूज़ राजमार्ग पर एक सार्वजनिक बस के पलट जाने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 20 हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को पुष्टि की। यातायात पुलिस के विभागीय निदेशक कर्नल डेविड हर्बास ने संवाददाताओं को बताया कि दुर्घटना कोलोमी की केंद्रीय नगर पालिका में एल लोकोटल सेक्टर के पास हुई। हर्बास ने कहा कुल 39 लोग घायल हुए और सभी को कोचाबम्बा अस्पताल ले जाया गया और गंभीर रूप से घायल अभी भी गहन देखभाल में है। घायल बस चालक का अल्कोहल परीक्षण कराया गया है और परिणाम बाद में उपलब्ध होंगे। यह निर्धारित करने के लिए जांच चल रही है कि यह यांत्रिक खराबी थी या मानवीय त्रुटि।

### अमेरिका, डेनमार्क, इजराइल में नए कोविड-19 वैरिएंट की पुष्टि

**वाशिंगटन:** अमेरिका, डेनमार्क और इज़राइल में एक नया कोविड-19 संस्करण बीए.2.86 का पता लगाया गया है। यूएस सेंटर फॉर डिजीज एंड कंट्रोल प्रिवेंशन (सीडीसी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। केन्द्र ने ट्वीट किया, सीडीसी कोरोना वायरस के एक नए वंश पर नज़र रख रहा है। इस वैरिएंट का नाम बीए.2.86 है, और ये अमेरिका, डेनमार्क और इज़राइल में पाया गया है। सीडीसी ने कहा कि वह अधिक जानकारी एकत्र कर रहा है और जैसे-जैसे हम इस वंश के बारे में जानेंगे, हम इसके बारे में और अधिक जानकारी साझा करेंगे। इससे पहले, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बीए.2.86 स्ट्रेन को 'निगरानी के तहत संस्करण' के रूप में नामित किया था। पिछले सप्ताह, डब्ल्यूएचओ ने ईजी.5 और एरिस नामक एक नए कोरोनोवायरस स्ट्रेन को 'वेरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' के रूप में बांटा था। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, एरिस वैरिएंट 51 देशों में पाया गया है, जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, चीन और यूरोप और एशिया के देश शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ ने जुलाई में 10 लाख से अधिक नए कोविड-19 मामलों की पुष्टि की। इस अवधि में संक्रमण से लगभग 3,100 लोगों की मौतें हुई हैं।

### मानव संसाधन वियतनाम का विमानन उद्योग मानव संसाधन की कमी का कर रहा सामना

**हनोई:** वियतनाम के विमानन उद्योग को पर्यटन क्षेत्र में सुधार और देश भर में हवाई अड्डों के विस्तार की वजह से मानव संसाधन की गंभीर कमी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय समाचार पत्र वियतनाम न्यूज ने गुरुवार को यह रिपोर्ट दी। अखबार ने वियतनाम एविएशन अकादमी के वायु परिवहन अर्थशास्त्र विभाग के प्रमुख ट्रान थी थाई बिन्ह का हवाला देते हुए कहा कि एयरलाइन कंपनियों और प्रमुख हवाई अड्डों जैसे टैन सोन न्हाट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और हो ची मिन्ह सिटी में निर्माणाधीन लॉन्ग थान अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और हनोई में नोई बाई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में विमानन पेशेवरों की महत्वपूर्ण मांग है। वियतनाम का विमानन उद्योग परिवहन, बंदरगाह और उड़ान संचालन में लगभग 44हजार व्यक्तियों को रोजगार देता है। उन्होंने कहा, लेकिन कार्यबल उद्योग की बढ़ती मांगों को पूरा करने में विफल रहता है। अकादमी के उप निदेशक हा नाम खान गियाओ ने सुझाव दिया कि वियतनाम छात्रों को शिक्षा के लिए विदेश भेजने के लिए विदेशी विश्वविद्यालयों और प्रशिक्षण संस्थानों के साथ सहयोग करे।

### कोलंबिया में 6.1 तीव्रता के भूकंप से एक व्यक्ति की मौत, ढह गए कई घर

**बोगोटा:** मध्य कोलंबिया में गुरुवार को 6.1 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और मेटा और कुंडिनमार्का क्षेत्रों में गंभीर क्षति हुई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बोगोटा में भूकंप जोरदार तरीके से महसूस किया गया। मेयर क्लाउडिया लोपेज ने कहा कि शहर को गंभीर नुकसान होने से बचाया गया है, लेकिन शहर के दक्षिण में, भूकम्प से इमारत गिरने के डर से अपनी 10वीं मंजिल के अपार्टमेंट की खिड़की से बाहर कूदने के बाद एक महिला की मौत हो गई। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा, हमारे साथ एक दर्दनाक घटना घटी है। स्यूदाद बोलिवर के मैडेलेना पड़ोस में एक महिला ने शायद घबराहट के कारण 10वीं मंजिल से छलांग लगा दी और उसकी मौत हो गई। यह हमारे साथ हुई एकमात्र गंभीर घटना है। कृपया, शांत रहें, शांत रहें। लोपेज़ ने निवासियों को अपने घरों या कार्यस्थलों पर लौटने से पहले दीवारों और छतों को हुए नुकसान की जांच करने और भूकंप के कारण होने वाली किसी भी बड़ी दरार की तुरंत रिपोर्ट करने की सलाह दी।

### आज का इतिहास

- 1796 : स्पेन और फ्रांस ने ब्रिटेन गठबंधन के खिलाफ हस्ताक्षर किये।
- 1812 : अमेरिका के युद्धपोत ने ब्रिटेन के युद्धपोत गर्रियर को हराया।
- 1839 : फोटो तत्व की खोज को लेकर रिपोर्ट पेश होने पर विश्व फोटोग्राफी दिवस की शुरुआत हुई।
- 1895 : जापान के साथ युद्ध में पराजय के पश्चात चीन ने शीमोनोस्की समझौते के अनुसार ताइवान नामक द्वीप जापान के हवाले कर दिया।
- 1897 : लंदन में पहली इलेक्ट्रिक टैक्सी का परिचालन किया गया।
- 1915 : नीदरलैंड में राशन कानून प्रभावी हुआ।
- 1919 : अफ़ग़ानिस्तान ने ब्रिटेन से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
- 1939 : गुरुवर रवींद्र नाथ टैगोर ने कलकत्ता में सुभाष चंद्र बोस महाजती सदन का शिलान्यास किया।
- 1944 : भारत से जापान की अंतिम सैन्य टुकडी को खदेडा गया।
- 1949 : भुवनेश्वर ओडिशा की राजधानी बनी।
- 1955 : अमेरिका ने साइकिल पर आयात शुल्को 50 फीदसी बढाया।
- 1960 : स्पूतनिक 5 अंतरिक्ष यान से दो कुत्तें और तीन चूहे अंतरिक्ष में भेजे गए। बाद में यह पांचों जीवित पाए गए।
- 1966 : तुर्की में भूकंप की वजह से तकरीबन 2400 लोग मरे।
- 1970 : दक्षिण अफ्रीका में चीनी समुदाय के लोगों को श्वेत का दर्जा मिला।
- 1973 : फ्रांस ने परमाणु परीक्षण किया।
- 1977 : सोवियत संघ ने सेरी सागान में परमाणु परीक्षण किया।
- 1978 : ईरान के सिनेमा घर में आग लगने से 422 की मौत।
- 1998 : सूडान एवं अफ़ग़ानिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर संयुक्त राज्य अमेरिका ने मिसाइलों से हमला किया।
- 1999 : भारत की परमाणु नीति मसौदे पर नाराज़ जी-8 ने सभी तरह की मदद पर रोक लगाने की घोषणा की।
- 2000 : हिना जलाली विश्व की पहली मानवाधिकार संरक्षक प्रतिनिधि नियुक्त।
- 2003 : संयुक्त राज्य अमेरिका ने पाकिस्तान को 5 साल में 11 करोड़ 57 लाख डालर का अनुदान देने का निर्णय लिया।
- 2004 : दुनिया की सबसे बड़ी इंटरनेट कंपनी गुगल ने आज ही के दिन अपने शेयर बाजार में उतारे थे।
- 2004 : वान डेन हुगेनबैंड ओलम्पिक सबसे तेज तैराक बने।
- 2004 : गूगल ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) जारी कर 1.67 अरब डॉलर जुटाए।
- 2005 : श्रीलंका सरकार व लिट्टे में शांति वार्ता फिर शुरू करने पर सहमति।
- 2006 : इस्रायल ने फ़िलिस्तीनी उपप्रधानमंत्री को गिरफ़्तार किया। नौसेना के कमांडर दिलीप डोंडी
- 2009 : स्वेदेश निर्मित नैसेना नौका महादेई के द्वारा सम्पूर्ण विश्व की यात्रा के अभियान पर रवाना हुये।
- 2010 : अमेरिकी सेना की अंतिम ब्रिगेड के कुवैत जाने के साथ ऑपरेशन इराकी फ्रीडम खत्म हुआ।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

प्रथम पृष्ठ 2

रांची शनिवार 12

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com

19:08:2023


## लालू यादव की जमानत को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

रांचीः लालू प्रसाद यादव की जमानत को चुनौती देने के लिए सीबीआई ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।सुप्रीम कोर्ट इस याचिका पर 25 अगस्त को सुनवाई करेगा। सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में जल्दी सुनवाई करने के लिए कहा था।बता दें कि चारा घोटाले से जुड़े केस में झारखंड हाईकोर्ट ने लालू प्रसाद यादव को जमानत दी थी और फिलहाल लालू जमानत पर बाहर हैं।

पड़ताल

### याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने

# साहिबगंज में अवैध उत्खनन मामला हाईकोर्ट ने सीबीआई को सौंपा जांच का जिम्मा

राष्ट्रीय खबर





**रांची:** साहिबगंज के जिरवाबाड़ी थानाक्षेत्र के नींबू पहाड़ पर हुए अवैध खनन मामले की सीबीआई जांच की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने सीबीआई को जांच का जिम्मा सौंप दिया है। न्यायाधीश संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने विजय हांसदा की याचिका पर सुनवाई के बाद आदेश जारी किया है। हाईकोर्ट ने आदेश की प्रति मिलने के एक माह के भीतर सीबीआई को जांच शुरू करने का आदेश दिया है।

इस आदेश से सूबे के कई बड़ी हस्तियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।याचिकाकर्ता विजय हांसदा के अधिवक्ता एसएस चौधरी ने ईटीवी भारत को बताया कि नींबू पहाड़ पर अवैध उत्खनन को रोकने पर उनको धमकाया जा रहा था। उन्होंने पंकज मिश्रा समेत 14 नामजद के खिलाफ साहिबगंज के एसटी-एससी थाना में केस संख्या 6/22 दर्ज कराया था। लेकिन उन्हें पता ही नहीं था कैसे उनके हवाले से याचिका दायर कर सीबीआई जांच की मांग की गई थी। अधिवक्ता एसएस चौधरी ने कहा कि उस दौरान विजय हांदसा जेल में थे। जहां तक जेलर के अभिप्रमाणित वकालतनामे का सवाल है तो उन्होंने बेल के लिए हस्ताक्षर किया था। इसी हवाले से उन्होंने याचिका वापस लेने का आवेदन दिया था।इसपर हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार के अधिवक्ता अनिल कुमार और राज्य सरकार के अधिवक्ता सचिन कुमार का पक्ष सुना। इसके बाद मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दे दिया। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट को लगा कि इस मामले में प्रभावशाली लोग शामिल हैं, इसलिए इसकी सीबीआई से जांच होनी चाहिए।

कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि चूकि विजय हांसदा कह रहे हैं कि उन्होंने जांच की मांग वाली कोई याचिका ही नहीं दी है, लिहाजा, उस मैटर की भी सीबीआई जांच करे और एक माह के भीतर रिपोर्ट दें।दरअसल, साहिबगंज के नींबू पहाड़ गांव के प्रधान विजय हांसदा ने सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा पर अवैध खनन और धमकाने का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की सीबीआई से जांच की मांग की थी। उनका आरोप था कि पंकज मिश्रा सत्ता का दुरूपयोग कर नींबू पहाड़ पर अवैध खनन करा रहे हैं। कोर्ट में आने से पहले विजय हांसदा ने स्थानीय थाना में अवैध खनन की शिकायत की थी। लेकिन पुलिस ने उसपर कोई कार्रवाई नहीं की। बल्कि विजय हांसदा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया था। लिहाजा, पुलिस पर अविश्वास जताते हुए विजय हांसदा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।इसी बीच अवैध खनन मामले में ईडी की कार्रवाई शुरू हो गई थी। मनी लॉन्ड्रिंग के आधार सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा समेत कई लोग ईडी के हत्थे चढ़ गये थे। फिलहाल, सभी जेल में ही हैं। इसी मामले में ईडी ने विजय हांसदा को गवाह बनाया है। इस बीच 17 अगस्त को विजय हांसदा ने सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका को वापस लेने के लिए हाईकोर्ट में आवेदन दे दिया था।इसपर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की थी और कहा था कि ऐसा लगता है कि पर्दे के पीछे कोई और है।

यह कहते हुए हाईकोर्ट ने विजय हांसदा के याचिका वापस लेने वाले आवेदन को खारिज कर दिया था। साथ ही कोर्ट ने विजय हांसदा को प्रोटेक्शन मुहैया कराने का भी आदेश दिया था। अब पूरा मामला सीबीआई के पाले में चला गया है। दूसरी तरफ ईडी की भी कार्रवाई चल रही है। जानकारी के मुताबिक हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

## ईडी के गवाह को दी गई धमकी, विजय हांसदा ने सुरक्षा के लिए लगाई गुहार




राष्ट्रीय खबर

**रांची:** ईडी के गवाह रहे विजय हांसदा को धमकी दी जा रही है। विजय झारखंड के साहिबगंज में हुए 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में ईडी के गवाह हैं। धमकी मिलने के बाद विजय ने रांची के धुर्वा थाने में लिखित शिकायत की है।विजय ने थाने में दिए अपने आवेदन में बताया है कि साहिबगंज के रहने वाले अशोक यादव और मुकेश यादव ने उसे धमकी दी है, आशंका है कि अगर वे साहिबगंज जाते हैं तो उनके साथ कोई अनहोनी हो सकती है। गौरतलब है कि विजय हांसदा साहिबगंज के मंडरो अंचल के भवानी चौकी के ग्राम प्रधान हैं। विजय के अनुसार वह पत्नी के साथ झारखंड उच्च न्यायालय के एक नंबर गेट से अंदर जा रहे थे, तभी वहां पहले से ही खड़े अशोक और मुकेश यादव के साथ दो अन्य लोगों ने उसे धमकाया, मारपीट की धमकी दी। आवेदन मिलने के बाद धुर्वा पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है।विजय हांसदा ने हाई कोर्ट में साहिबगंज के थाना क्षेत्र के नींबू पहाड़ पर हुए अवैध खान मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर याचिका दायर की थी, लेकिन उसने हाईकोर्ट में आवेदन देकर सीबीआई जांच की मांग से संबंधित याचिका को वापस लेने का अनुरोध भी किया है। हालांकि मामला संदेहास्पद होने की वजह से कोर्ट ने याचिका वापस लेने की प्रक्रिया फिलहाल रोक लगा दिया है। वहीं, ईडी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विजय हांसदा अवैध खनन मामले में ईडी का गवाह था, लेकिन अब जो जानकारी मिल रही है उसके अनुसार वह अवैध खनन के आरोपियो से ही मिल गया है। जानकारी मिल रही है कि अब ईडी के द्वारा विजय को भी पूछताछ के लिए समन जारी किया गया है। इस मामले में ईडी ने विजय के साथ साथ साहिबगंज के विष्णु यादव को भी समन किया है।

## खनन के आरोपी दाहू की याचिका रद्द

रांची : एक हजार करोड़ के अवैध खनन केस में आरोपी हिस्ट्रीशीटर दाहू यादव की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दी। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिश अनिरुद्ध बोस और बेल एम त्रिवेदी ने मामले की सुनवाई करते हुए दो सप्ताह में पीएमएलए कोर्ट में सरेंडर करने को कहा है। दाहू यादव ईडी द्वारा दर्ज आपराधिक कार्रवाई रद्द करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट मैं एसएलपी दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट के डबल बेंच ने दाहू यादव को दो हफ्तों के भीतर पीएमएलए कोर्ट में सरेंडर का आदेश दिया है। दाहू यादव की तरफ से सिद्धार्थ लूथरा पैरवी कर रहे थे। बता दें कि साहिबगंज का रहने वाला व पंकज मिश्रा का सहयोगी दाहू यादव 18 जुलाई 2022 से ही फरार है। 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में मनी लांड्रिंग मामले में दाहू यादव के पिता पशुपति यादव को ईडी ने गिरफ्तार किया था। पशुपति यादव रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद है।

## पूजा सिंघल मामले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई सुनवाई

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** मनरेगा घोटाला और आय से अधिक संपत्ति मामले की आरोपी निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के मामले में शुक्रवार को रांची की ईडी कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई हुई। इस दौरान पूजा सिंघल केस में गवाहों की पेशी हुई। मिली जानकारी के अनुसार गवाहों की पेशी होने के बाद न्यायधीश प्रभात कुमार की अदालत में दोनों पक्षों के वकीलों ने अपनी-अपनी दलीलें रखी। दोनों पक्षों की दलीलें को सुनने के बाद ईडी के विशेष न्यायालय के न्यायाधीश ने 28 अगस्त को अगली तारीख मुकर्रर की है। मालूम हो कि अंतरिम जमानत की अवधि समाप्त होने के बाद से निलंबित आईएएस पूजा सिंघल लगातार रांची के बिरसा मुंडा कारागार में बंद हैं। बता दें कि वर्ष 2023 के मई महीने में सुप्रीम कोर्ट ने निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत मामले में सितंबर माह की तारीख दी थी। इस कारण सितंबर महीने तक पूजा सिंघल को जेल में ही बिताना पड़ेगा। निलंबित आईएएस पूजा सिंघल पर आय से अधिक संपत्ति और कई जिलों में डीसी रहते हुए मनरेगा योजना में धांधली करने का आरोप है। जिसके बाद प्रवर्तन निदेशालय ने कार्रवाई करते हुए वर्ष 2022 के मई महीने में पूजा सिंघल के आवास सहित कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद पूजा के विभिन्न ठिकानों से करोड़ों रुपए जब्त किए गए थे। पैसे मिलने के बाद पूजा सिंघल को ईडी की टीम की तरफ से गिरफ्तार किया गया और 6 मई 2022 को उन्हें जेल भेज दिया गया था। पूजा सिंघल की तरफ से रांची की ईडी कोर्ट में डिस्चार्ज पिटीशन भी दायर किया गया था। जिसमें पूजा सिंघल ने दलील दी थी कि उनके द्वारा किसी भी तरह का घोटाला नहीं किया गया है। जिसे कोर्ट की तरफ से खारिज कर दिया गया था। वहीं पूजा सिंघल के खिलाफ ईडी की टीम ने चार्जशीट भी फाइल कर दी है। इसको लेकर कोर्ट में लगातार सुनवाई हो रही है। निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के खिलाफ चार्जशीट दायर होने के बाद उनके वकील सुनवाई के दौरान लगातार उनका पक्ष रख रहे हैं।

## पूर्व विधायक अमित महतो की जमानत पर सुनवाई पूरी कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** जेल में बंद पूर्व विधायक और खतियानी पार्टी के नेता अमित महतो की जमानत याचिका पर शुक्रवार को रांची सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। पुलिस द्वारा सौंपी गयी केस डायरी के आधार पर राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अपर लोक अभियोजक ने अमित महतो को जमानत नहीं देने का आग्रह कोर्ट से किया। वहीं अमित महतो के वकील ने कोर्ट को बताया कि उन्होंने खुद सरेंडर किया है। इसलिए उन्हें बेल दी जानी चाहिए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले की सुनवाई अपर न्यायायुक्त मो शहजाद की अदालत में हुई। अमित महतो की ओर से अधिवक्ता सुनील महतो ने बहस की। अब कोर्ट अमित महतो को बेल देता है या उनकी याचिका खारिज होती है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा। बता दें कि पूर्व विधायक अमित महतो ने 27 जून को सरेंडर किया था। जिसके बाद कोर्ट के आदेश से वह न्यायिक हिरासत में हैं। अमित के खिलाफ वर्ष 2022 में विधानसभा घेराव कार्यक्रम के बाद रांची के धुर्वा थाना में कांड संख्या 208/2022 दर्ज की गई थी।

## नक्सली संगठन टीएसपीसी ने ली राजेंद्र साहू हत्याकांड की जिम्मेवारी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** लातेहार के पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष और कोयला व्यवसायी भाजपा नेता राजेंद्र साहू की हत्या की जिम्मेवारी टीएसपीसी नक्सली संगठन ने ली है। नक्सली संगठन के द्वारा एक विज्ञप्ति जारी कर कहा गया है कि राजेंद्र साहू ने टीएसपीसी संगठन के करोड़ों रुपए गबन कर लिया था।दरअसल, टीएसपीसी नक्सली संगठन के मध्य सब जोनल कमिटी के कामरेड अभिषेक के द्वारा शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। विज्ञप्ति में कहा गया है कि राजेंद्र साहू पिछले कई वर्षों से नक्सली संगठन टीएसपीसी के संपर्क में थे। संगठन के करोड़ों रुपए उन्होंने गबन कर लिया था। संगठन के द्वारा जब उनसे पैसे की मांग की जा रही थी तो वह संगठन को ही चैलेंज करने लगे थे। विज्ञप्ति के माध्यम से नक्सली संगठन टीएसपीसी ने राजेंद्र साहू पर कई अन्य गंभीर आरोप भी लगाए हैं। जिसमें संगठन के साथ गद्दारी करने का भी आरोप है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इसी कारण संगठन के द्वारा राजेंद्र साहू के खिलाफ फौजी कार्रवाई की गई और उनकी हत्या कर दी गई। विज्ञप्ति के माध्यम से टीएसपीसी के नक्सलियों ने कुछ अन्य लोगों को भी धमकी दी है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि कई अन्य लोग भी हैं जो टीएसपीसी संगठन का पैसा गबन किए हुए हैं। ऐसे लोगों को संगठन चेतावनी दे रही है कि संगठन का पैसा वापस करें अन्यथा अंजाम बुरा होगा। राजेंद्र साहू को गत 12 अगस्त को बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में अपराधियों ने गोली मार दी थी। इसके बाद रांची के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान 14 अगस्त को उनका निधन हो गया था। इस घटना के बाद लोगों में भारी आक्रोश पनप गया था और बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय को बंद कर दिया गया था। 9 घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग 99 को भी जाम रखा गया था। हालांकि बाद में लातेहार एसपी अंजनी अंजन के द्वारा लोगों को आश्वस्त किया गया था कि घटना में जो भी दोषी होंगे उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा और पूरे मामले का उद्भेदन किया जाएगा। इसके बाद लोगों ने सड़क जाम हटाया था।राजेंद्र साहू लातेहार जिले के अलावे चतरा जिले में भी काफी लोकप्रिय थे। बालूमाथ में राजेंद्र साहू की पहचान एक बड़े समाजसेवी के रूप में थी। गरीबों के दुख तकलीफ में राजेंद्र साहू में यथासंभव मदद भी करते थे। बालूमाथ में सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने में भी राजेंद्र साहू एक मजबूत कड़ी का काम करते थे। बालूमाथ सद्भावना कमेटी के अध्यक्ष भी राजेंद्र प्रसाद साहू ही थे। यही कारण है कि उनकी हत्या की खबर सुनने के बाद पूरा बालूमाथ का इलाका उबल गया। लोगों में हत्यारों के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश है।









